संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -175 शनिवार, 27 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रुपये




# दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

» त्रिपुरा टॉप पर तो यूपी में सबसे कम हुआ मतदान

» दूसरे चरण में भी 88 सीटों पर 2019 के मुकाबले कम वोटिंग

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीट पर शुक्रवार को मतदान पूरा हुआ। शाम 5 बजे तक इन सीटों पर 61 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट,महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की 8-8 सीट, मध्य प्रदेश की 6 सीट, असम व बिहार की 5-5 सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की 3-3 सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर शुक्रवार को मतदान पूरा हुआ।

दूसरे फेज की वोटिंग में कई बड़े चेहरों वायनाड सीट से कांग्रेस के राहुल गांधी, बीजेपी टिकट पर मथुरा से हेमा मालिनी और कई अन्य की किस्मत ईवीएम बॉक्स में कैद हो गई। अब 4 जून को सभी की किस्मत का फैसला मतगणना के साथ होगा।

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में त्रिपुरा में शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा 76.23 फीसदी मतदान हुआ। इस बीच, शाम 5 बजे तक 52.64 प्रतिशत मतदान के साथ उत्तर प्रदेश में सबसे कम मतदान दर्ज किया गया। मणिपुर में 76.06 प्रतिशत मतदान हुआ, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह, असम में 70.66 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 67.22 प्रतिशत और केरल में 63.97 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। केरल में 63.97 प्रतिशत और कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि राजस्थान में 59.19 प्रतिशत मतदान हुआ। मध्य प्रदेश में 54.42 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत वोटिंग हुई। बिहार में 53.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।



### कहां कितने प्रतिशत वोटिंग

त्रिपुराः-76.23 प्रतिशत,मणिपुरः-76.06 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ः-72.13 प्रतिशत, पश्चिम बंगालः- 71.84 प्रतिशत, असमः- 70.66 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीरः 67.22 प्रतिशत, केरलः- 63.97 प्रतिशत कर्नाटकः- 63.90 प्रतिशत, राजस्थानः- 59.19 प्रतिशत, मध्य प्रदेशः- 54.42 प्रतिशत, महाराष्ट्रः- 53.51 प्रतिशत, बिहारः- 53.036 प्रतिशत, उत्तर प्रदेशः- 52.64 प्रतिशत

### 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता

पुरूषः-8.08 करोड़,महिलाएंः-7.8 करोड़, थर्ड जेंडरः- 5929

### पहली बार के मतदाता

34.8 लाख 20-29 वर्ष के उम्र वर्गः- 3.28 करोड़

### कितने उम्मीदवार चुनावी रण में ?

कुल उम्मीदवारः- 1202 पुरूषः- 1098 महिलाएंः- 102

## एम्बुलेंस से वोट देने पहुंची हार्ट सर्जरी की मरीज

### महिलाओं और बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह

लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए मतदाता अपने काम को किनारे रखकर मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। मतदाताओं में मरीज, महिलाएं और बुजुर्गों की संख्या अच्छी खासी है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन देखने को मिल रही थी। नोएडा के मेरीगोल्ड स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर महिला निर्मला यादव एम्बुलेंस से पहुंची। महिला की कुछ दिन पहले ही ओपन हार्ट सर्जरी हुई है। 75 साल की महिला का कहना है कि मैं सुबह से बहुत परेशान थी कि वोट कैसे डालूंगी। जिसके बाद एक निजी संस्था की एम्बुलेंस में बैठकर मैं वोट डालने आई हूं। वोट डालने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। इसके अलावा भी नोएडा के कई वोटिंग केंद्र पर एंबुलेंस से आए मरीजों को देखा गया। ग्रेटर नोएडा में भी 96 साल की शांति देवी ने वोट किया। शांति देवी व्हील चेयर पर बैठकर मतदान करने के लिए



परिवार वालों के साथ आई थी। शांति देवी ने कहा कि वोट देते-देते मेरी उम्र बीत गई। मुझे अच्छा लगता है कि मैं इस लोकतंत्र का हिस्सा बनती हूं। मैं चल नहीं पाती। बहू-बेटे के साथ मतदान करने के लिए आती हूं और सबको आना चाहिए। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी बढ़-चढ़कर दिखाई दे रही है। नोएडा हो या गाजियाबाद मतदाता केंद्रों पर बुजुर्ग और महिलाओं की बड़ी संख्या देखने को मिल रही है। गौतमबुद्ध नगर के जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस आयुक्त संयुक्त रूप से जनपद में मतदान केंद्रों पर लगातार निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं।

### इन दिग्गजों की किस्मत दांव पर ?

केरल की वायनाड सीटः- राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीटः- पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कर्नाटक की मांड्या सीटः- जेडीएस के नेता व पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी, केरल की तिरुअनंतपुरम सीटः- बीजेपी के केंद्रीय राजीव चंद्रशेखर, प्रतिद्वंदी कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर राजस्थान की जालोर सीटः-पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, राजस्थान की कोटा सीटः- बीजेपी के टिकट पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, यूपी की मेरठ सीटः- बीजेपी के टिकट से अरुण गोविल,मथुरा सीटः- एक्ट्रेस हेमा मालिनी।

## मतदान के दौरान मधुमक्खियों के हमले में 15 मतदाता घायल, मची अफरा-तफरी

त्रिपुरा के खोवाई जिले के बाराबिल इलाके में शुक्रवार को वोट डालने के लिए कतार में खड़े मतदाताओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे लगभग 15 मतदाता घायल हो गए। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और प्रभावित मतदाताओं को खोवाई जिला अस्पताल भेजा गया। उपचार के बाद उन्हें उनके घर वापस भेज दिया गया। मधुमक्खियों के हमले से मतदाताओं में घबराहट और बेचैनी फैल गई और वे कतार से भाग गए। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने एक सरकारी भवन में स्थापित मतदान केंद्र के पास मधुमक्खी के छत्ते को भी नष्ट कर दिया।

# मेटा कंपनी द्वारा भारत में व्हाट्सऐप बंद करने की चेतावनी

## दिल्ली हाईकोर्ट को दी चेतावनी

**नई दिल्ली,26अप्रैल 2024 (ए)।** व्हाट्सऐप दुनियाभर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला ऐप है। लेकिन व्हाट्सऐप ने भारत में अपनी सर्विसेज बंद करने की चेतावनी दी है। उसने आईटी नियमों को चुनौती देने वाले एक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट को कहा है कि अगर उसको एन्क्रिप्शन को तोड़ने के लिए मजबूर किया गया तो वह भारत में अपनी सर्विसेज को बंद कर देगा।

### मेटा कंपनी ने कहा

मेटा कंपनी ने ये बात सूचना प्रौद्योगिकी 2021 के आईटी नियम को चुनौती देते हुए कही। व्हाट्सऐप ने कहा है कि उनका एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड फीचर इसे इस्तेमाल करने वालों की निजता को सुरक्षित करने का काम करता है। यही वह फीचर है, जिसकी वजह से रिसीवर और सेंडर, दोनों ही इस बात को जान सकते हैं कि मैसेज में लिखा क्या है। व्हाट्सऐप की तरफ से अदालत में पेश वकील तेजस करिया ने कहा कि लोग इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमालगोपनीयता की वजह से भी करते हैं। इस प्लेटफॉर्म के मैसेज एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड की वजह से ही उनकी निजता बनी रहती है। बार और बेंच की रिपोर्ट में कहा गया है, एक मंच के रूप में, हम कह रहे हैं, अगर हमें एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा जाएगा, तो सेवाएं जारी नहीं रह पाएंगी।




### व्हाट्सऐप ने बताई अपनी परेशानी

वकील तेजस करिया ने कहा कि यह जरूरत व्हाट्सऐप यूजर्स की गोपनीयता के खिलाफ थी और इसे बिना परामर्श के पेश किया गया था। वकील ने कहा कि इस नियम को मानने के लिए व्हाट्सऐप को लाखों मैसेज सालों तक सहेज कर रखने की जरूरत होगी। दुनिया के किसी भी देश में ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें पूरी चेन रखनी होगी। हमें नहीं पता कि किन मैसेजों को डिक्रिप्ट करने के लिए कहा जाएगा।

इसका मतलब है कि लाखों-करोड़ों मैसेजों को कई सालों तर सहेज कर रखना होगा।व्हॉट्सऐप की तरफ से हाई कोर्ट में पेश वकील ने इस बात पर जोर दिया कि मूल सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, एन्क्रिप्शन को तोड़ने का प्रावधान नहीं देता है। इस पर बेंच ने पूछा कि क्या ऐसा कानून दुनिया में कहीं और मौजूद है। क्या ये मामला दुनिया में कहीं भी उठाया गया है। क्या आपसे दक्षिण अमेरिका समेत दुनिया में कहीं भी जानकारी शेयर करने के लिए नहीं कहा गया। इस पर वकील करिया ने कहा कि नहीं, ब्राजील में भी इस तरह का कोई नियम नहीं है।

### केंद्र सरकार ने कहा

केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि व्हाट्सऐप और फेसबुक कमर्शियल पर्पज के लिए यूजर्स की जानकारी को मोनिटाइज करते हैं। यह कानूनी रूप से यह नहीं कह सकते कि वे गोपनीयता की रक्षा करते हैं। केंद्र ने यह भी कहा कि विभिन्न देशों के रेगुलेटर्स का मानना है कि इसके लिए फेसबुक की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

केंद्र सरकार के वकील कीर्तिमान सिंह ने नियमों के बचाव में तर्क देते हुए कहा कि लोगों को यह पता है कि सोशल मीडिया पर क्या हो सकता है। इस नियम के पीछे का मकसद मैसेज भेजने वाले का पता लगाना है। उन्होंने कहा कि मैसेज का पता लगाने के लिए कुछ तंत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्हाट्सऐप को अमेरिकी कांग्रेस के सामने भी इसे लेकर कठिन सवालों का सामना करना पड़ा है। दोनों ही पक्षों की दलील सुनने के बाद अब दिल्ली हाईकोर्ट इस मामले में 14 अगस्त को सुनवाई करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## ईवीएम वीवीपीएटी से डाले गए वोट के सत्यापन की मांग करने वाली सभी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दी।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के भीतर रिजल्ट की दोबारा जांच की मांग कर सकता है। ऐसी स्थिति में माइक्रो कंटोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर्स के द्वारा की जाएगी। इस वेरिफिकेशन की प्रोसेस का खर्च कैंडिडेट उठाएगा। जांच में ईवीएम से छेड़छाड़ पाई जाने पर खर्च री-फंड कर दिया जाएगा।



### सुप्रीम कोर्ट के दो महत्वपूर्ण निर्देश

✷ सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए।

✷ नतीजे में दूसरे और तीसरे नंबर पर आए उम्मीदवार चाहें तो परिणाम आने के सात दिन के भीतर दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में इंजीनियरों की एक टीम द्वारा माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच की जाएगी।

# संदेशखाली में सीबीआई की बड़ी कार्यवाही

» घर से जब्त किए हथियार,

» गोला-बारूद, एनएसजी कमांडो तैनात

**संदेशखाली,26 अप्रैल 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुए हमले के मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने मामले में सीबीआई की एक टीम ने हथियारों को एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जिसमें कथित तौर पर विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद समेत कई अन्य हथियार शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कथित तौर पर भीड़ द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर किए गए हमले के सिलसिले में जांच कर रही है। मामले में सीबीआई की एक टीम ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखली में स्थानीय टीएमसी नेता शाजहां शेख के ठिकानों समेत कई स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान दौरान वहां विदेशी निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद होने का पता चला।




# स्त्रीधन पर महिला का पूरा अधिकार

## पति या ससुराल वालों का इस पर कोई हक नहींः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024 (ए)।** महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति और सास ने उसकी शादी के समय स्त्रीधन के रूप में मिले सोने के गहनों का दुरुपयोग किया। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पति को निर्देश दिया कि महिला के खोए हुए गहने के बदले 25 लाख रुपए का मुआवजा दे।

बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि स्त्रीधन में एक महिला को शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में मिली सभी संपत्तियां शामिल हैं। इस स्त्रीधन में माता-पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले उपहार भी शामिल हैं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्त्रीधन साझा संपत्ति नहीं है। किसी भी महिला के स्त्रीधन को पति या उसके परिवार के सदस्यों ना तो कंट्रोल कर सकते हैं और ना ही उनके द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा सकता है।



# आठ सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार



## शैलजा को नई सीट से मिली टिकट

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने हरियाणा की आठ सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। रोहतक से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को टिकट दिया गया है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा सिरसा से चुनाव लड़ेंगी। कुमारी शैलजा पहले अंबाला से चुनाव लड़ती रही हैं। सिरसा में शैलजा का मुकाबला बीजेपी के अशोक तंवर से होगा। कांग्रेस ने हिसार से जयप्रकाश और भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। अंबाला से वरूण चौधरी को टिकट मिली है। सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। करनाल से पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ कांग्रेस ने दिव्यांशु बुद्धिराजा को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं गुड़गांव लोकसभा सीट पर अभी तक कांग्रेस ने उम्मीदवार के नाम का एलान नहीं किया है।

# नोटा को प्रत्याशी मानने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब




**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने नोटा को प्रत्याशी मानने और निर्विरोध चुनाव पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में चुनाव आयोग से जवाब तलब किया है.। चुनाव आयोग को ये नोटिस शिव खेडा की याचिका पर जारी किया गया है। दरअसल याचिका मे कहा गया था कि नोटा को भी एक प्रत्याशी माना जाए और अगर नोटा को सर्वाधिक वोट मिलें, तो उस सीट पर दोबारा चुनाव कराया जाए.सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान सूरत का भी उदाहरण दिया गया।

## संपादकीय

# प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना।यह कहना कि उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।' राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो घुसपैठिए' हैं, वे जिनके ज्यादा बच्चे' हैं, का पहला हक होने' की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं।पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरु द्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है।दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने' की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान घुसपैठिए' नहीं हैं।वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं।

# घोषणा-पत्र एक जंग का अखाड़ा

आजकल चुनाव में मेनिफेस्टोयानि घोषणा पत्र पर एक दूसरे पर वार पे वार किये जा रहें है इसकी जरुरत ही नहीं



**संजय गोस्वामी,**
मुंबई

क्योंकि दोनों का काम जनता ने देख लिया है । वो ना तो घोषणा-पत्र का पन्ना पढ़ कर वोट करने वाली है ना ही घोटाला पर। किसी के लिए वो घोटाला लगेगा किसी के लिए सोची समझी नीति। और क़ोई कुछ भी ना लें और नोटा पर वोट कर दें। इसलिए चुनाव में लोगों की दिलचस्पी नहीं दिखा जो पहले थी अब इसपर नए सिरे से सोचने की जरुरत है। वोट मेरा अधिकार है जिसे देना जरुरी है। दरअसल हर 10 साल के बाद एंटी इनकॉवेंसी यानि सत्ता पक्ष में कुछ लोगों का विरोध तो होता ही है । अब इतनी बड़ी जनसंख्या है 140 करोड़ लोगों का देश जब मजदूर क़ो खुश करेंगे तो उद्योगपति क़ो नुकसान होगा। और जब मजदूर काम करके भी नहीं खा सकेगा तो ऐ भी उद्योगपति क़ो खुश रखना जैसे होगा। बस सेवा ही एक ऐसा है जो एक जीवन का हिस्सा है । किसी खेल में क़ोई हारता है क़ोई जीतता है लेकिन अपशब्द का प्रयोग किसी भी पार्टी के लिए घातक साबित होगी। इसमें शांत रहकर लोगों की सेवा करना चाहिए जो जनता के दिल में जगह बनाएगी। जो असली प्रेम होगा सेवा करना। इंसान क़ो सत्ता या उससे बाहर भी रहकर कर सकते हैं सत्ता में होंगे तो विरोधी आपका टांग खीचेंगे और जब सत्ता में नहीं रहेंगे तो पावर नहीं होगा जीससे आप काम कर सकें। लेकिन अनेकों उदाहरण है जो सत्ता से अलग रहकर भी लोगो की सेवा की और उसी आधार पर भगवान राम हो गए जो सबके पूज्य है सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम हैं, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, प्रेम स्वर्ग का रास्ता है। बुद्ध का कथन है, प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, प्रेम संसार की ज्योति है। विक्टर ह्यूगों का कहना है, जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, प्रेम अमरता का समुदंर है। कबीर का कथन है, जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ–बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी।




ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी-बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए,पर सभी विद्वान न हो सके। अलग–अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है– 'वसुधैव कुटुम्बकम।' जो सबको प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! और प्रेम इस तर्क मे बड़ी भूल है। ईश्वर ने सारे इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी-आदमी में कोई अन्तर नही रखा। अन्तर तो स्वयं आदमी ने पैदा किया है। एक आदमी दिमाग़ से काम करता है, दूसरा शरीर से। पहले को हम बड़ा मानते है और उसे अधिक पैसा देते है, दूसरे को किसान-मजदूर कहकर छोटा मानते है। और उसकी कम कीमत लगाते है। लेकिन यह न्याय नहीं है। जो दिमाग काम करता है, उसे भी खाने को अन्न चाहिए और अन्न बिना शरीर की मेहनत के नहीं मिल सकता। शरीर से काम करे वाले को दिमागी काम करने वाले का सहारा चाहिए। इस तरह दोनों एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का काम नहीं चल सकता।

पर आज का समाज उन्हें एक-दूसरे का पूरक या साथी मानता कहाँ है? बुद्धि से काम करने वाला शरीर की मेहनत को छोटा और ओछा मानता है और उससे बचता है। वह मानता है कि मजूर से मेहनत लेने का उसे अधिकार है। ईश्वर सच्चिदानन्द है, असीम शक्ति का भंडार है। ईश्वर हमारे लिए एक अनन्त एवं अक्षय शक्तिस्रोत है। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करनेवाले तथा युद्ध भड़कानेवाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बँधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहाँ भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।अतः घोषणा पत्र पर ध्यान ना देकर काम पर ध्यान देना चाहिए। चंद्रयान की सफलता ने तो भारत में इतिहास बना दिया अगर घोषणा पत्र पर ध्यान देते तो कुछ नहीं होता। एक होकर लगन से काम किया कल किसने देखा है उसकी भविष्यवाणी आज हम नहीं कर सकते है। हाँ ऐ जरुर कर सकते हैं संकट में एक दूसरे के काम आजायेगा। 2020 में किसे मालूम था कोविड आएगा और मौत का तांडव नृत्य कर लाखों के घर क़ो उजाड़ देगा घोषणा-पत्र का डीएनए करने से दोनों तरफ छींटाकशी होगा और इसी में समय बर्बाद होगा। इंडी गठबंधन में अकेले दम पर क़ोई भी सरकार नहीं बना सकता है । ऐसे में घोषणा-पत्र कोरा कागज है समय बलवान होता है। ऐ सब ईश्वर के हाथ में है। कल क्या होगा क़ोई नहीं जानता अतः सेवा ही सबसे बड़ा घोषणा -पत्र है। और अपना कर्म करते रहिये जिसे जितना होगा वो जीतेगा। अतः इन सब पर ध्यान देना सही नहीं है। गीता में भी यही बात लिखा है. ईश्वर की जो मर्जी होगा। उसे ना तो हम रोक सकते हैं ना ही मंत्री। भूकंप का एक झटका आता है और कई के घर क़ो उजाड़ देता है। प्रभु की लीला है कहीं धूप कहीं छाया। मेनिफेस्टो में क्या लिखा है आप जानते हैं क्या और उसपर काम होता है क्या? इसमें हो क्या रहा है उसके मेनिफेस्टो में अरे बाप ऐ लिखा है। और यही हो जायगा। फिर दूसरे तरफ से सफाई आती है और तिलमिलाहट इतना हो जता है कि अपशब्दों का खूब जमकर इस्तेमाल होता है। और मीडिया क़ो दिन भर इसी के पीछे लगे रहते हैं। और 1962 का चीन भारत युद्ध इतना पुराना वीडियो भी दिखाया जाता है जिसका ना तो सर है न पैर। अभी युद्ध क़ोई भी नहीं करना चाहेगा क्योंकि इससे दोनों की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। दोनों देश क़ो ऐ भी मालूम है कि दोनों परमाणु संपन्न देश है। अतः क़ोई भी पड़ोसी देश जो परमाणु संपन्न देश किसी पर आज की परिस्थिति के अनुसार हमला नहीं करेगा। क्योंकि इससे नुकसान दोनों का होगा। अतः कौन क्या बोल रहा है इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए। और नेताओं क़ो अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐ लोकतंत्र है जिसे जीतना होगा आपके लाख कोशिश के बाबजूद वो जीत जायेगा। लोगों क़ो ऐ भी मालूम है किसने क्या किया। और सत्ता में आने के बाद क्या कर सकता है। बस आप अपना मत यानि वोट जरूर दें। और एक मजबूत लोकतंत्र की सरकार बनाने में अपना योगदान दें। राष्ट्र के निर्माण में, सभी का का बडा योगदान है । अनेकता में एकता, अखंडता, सौहार्द का गजब का मिलाप है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जहाँ दर्शन से होता है सभी संकटों का नाश ऐसा है संकटमोचन मन्दिर का इतिहास

भगवान शिव के एकादशवे अवतार श्रीहनुमानजी महाराज हैं। भक्तगण बजरंगबली, अंजनी पुत्र, मारूतीनंदन



**राजीव नन्दन मिश्र**
सरना, शाहपुर,
भोजपुर,बिहार

सहित कई नामों से इनका पूजन करते है। हनुमानजी वानरों के राजा केसरीजी के सुपुत्र है। हनुमान जी की माता देवी अंजना है। बाल्यकाल से ही हनुमानजी धर्म के रक्षक एवं अधर्म के नाशक रहे हैं। इन्हें चारों युगों में रहने का वरदान प्राप्त है। अमरत्व पाने वाले सात मनीषियों में हनुमानजी का भी नाम है। रामायण में बजरंगबली श्रीराम के अनन्य भक्त के रूप में है। प्रभु श्रीराम एवं रावणयुद्ध में हनु मान की भूमिका अग्रगण्य है। हनुमानजी की भक्ति का ही प्रताप है कि उनके हृदय में श्रीराम एवं माता सीता सदैव विराजती है।

प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान शिव है एवं भगवान शिव के आराध्य प्रभु श्री राम है। हनु मानजी एक तरफ स्वयं रुद्र के अवतार तो एक तरफ प्रभु राम के अनन्य सेवक है। हनुमानजी का सामना न कोई देवता न कोई राक्षस, न पशु न पक्षी, न यक्ष न गन्धर्व न किन्नर न मनुष्य अर्थात उनका सामना कोई नहीं कर सकता है। उनका तेज अतुलित एवं अतुल्य है।

बल, बुद्धि, विद्या के वह साक्षात करुणानिधान है। वे समस्त सिद्धि व निधि के प्रदाता है। इस कलि काल में जहाँ भी श्रीरामकथा, राम-नाम का भजन होता है भगवान हनुमान वहाँ किसी न किसी रूप में विद्यमान अवश्य रहते है।

भारतवर्ष में भगवान हनुमान के कई मन्दिर है। विदेशों में भी इनके मंदिर है। इनकी पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति-भाव से होती है। किसी मन्दिर में इनका बालस्वरूप तो कही रामसेवा में रत मूर्तियां स्थापित है। कही पर्वत उठाये तो कही कन्धे पर राम-लक्ष्मण बिठाये मूर्तियाँ स्थापित है। कहने का तात्पर्य है बाल्यकाल से लेकर अलग-अलग स्वरूपों की पूजा भक्त श्रद्धा व विश्वास से करते हैं। इन्हीं मन्दिरों में से एक बहुत प्रसिद्ध मंदिर है- संकटमोचन मन्दिर।

संकटमोचमन से तात्पर्य है-संकट का मोचन करने वाले अर्थात संकट का विनाश करने वाले। संकटमोचन मन्दिर उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर में स्थित है। जो भी श्रद्धा भक्ति से यहाँ दर्शन प्राप्त करता है, हनुमानजी शीघ्र ही उनके सारे संकट का नाश कर सुख, शान्ति प्रदान करते हैं। जिस कामना से भक्त दरबार में आते वो यहाँ प्राप्त करते हैं।

संकटमोचन मन्दिर पहुँचने के लिए रेल मार्ग से वाराणसी रेलवे स्टेशन (वाराणसी कैन्ट) से पहुँचे। यहाँ से 24 घंटे मन्दिर के लिए टैक्सी, कैब आदि वाहन मिलते है। हवाई जहाज से आने के लिये बाबतपुर रेलवे स्टेशन उतरकर यहाँ मन्दिर के लिए टैक्सी, ऑटो, कैब से आया जा सकता है। वही बस स्टैंड से भी यहाँ पहुँचना सुगम है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, लंका से भी यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता हैं। इसके अलावा शहर के किसी भी रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड या




किसी क्षेत्र से यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता है।

इस मन्दिर का इतिहास जानने के लिए हमें तुलसीदासे जी पर ध्यान आकृष्ट करना होगा। तुलसीदासजी ने श्रीरामचरितमानस को अवधि भाषा में लिखा। मान्यतानुसार वर्ते मान मन्दिर वाले स्थान पर ही तुलसीदास को हनुमानजी के दर्शन प्राप्त हुए थे। हनुमत कृपा से ही रामचरितमानस महाकाव्य की रचना तुलसीदासजी कर पाये।

प्रचलित कथानुसार तुलसीदासजी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के प्रवास पर थे। जिस क्षेत्र को आज अस्सी के नाम से जाना जाता है, वहाँ पहले सघन वन था और उसका नाम आनन्द-कानन वन था। उसी क्षेत्र में तुलसीदासजी रहने लगे थे। वो यहाँ प्रतिदिन गंगा स्नान के पश्चात अनायास ही एक सूखे बबूल के पेड़ की जड़ में एक लोटा जल डाल दिया करते थे। ऐसा नियमित होने से वह पेड़ धीरे-धीरे हरा होने लगा। प्रतिदिन की तरह जब एक दिन वे पेड़ के जड़ में जल डाले तभी उसमें से एक दिव्य शक्ति प्रकट हुई कुछ लोग उसे यक्ष तो कोई प्रेत कहता है। उसने तुलसीदास जी से पूछा - क्या आप प्रभु श्रीराम से मिलना चाहेंगे ? यह बात सुन तुलसीदासजी जी सोच में पड़ गये। वे कुछ उत्तर देते तब तक पुनः आवाज आयी- मैं आपको उनसे मिला सकता हूँ आपको राम से मिलने से पहले उनके प्रिय भक्त हनुमान से मिलना पड़ेगा। हनुमानजी आपको राम से मिला सकते है। इसके बाद उसी शक्ति ने तुलसीदास को बताया कि आप गंगा तट पर जाइये। उसी तट पर काशी के कर्णघंटा में राम का मंदिर है।जैसे ही आप राम मंदिर जायेंगे पास में ही एक कुष्ठ रोगी बैठा हुआ दिखेगा, वो कोई और नहीं वीर हनुमान जी ही है जो वेश बदलकर प्रभु राम के भक्ति में लीन है।

फिर क्या था तुलसीदास जी प्रसन्न हृदय से दिव्य शक्ति के बताये बातों के अनुसार हनुमानजी से मिलने निकल पड़े। मन्दिर पहुँचने पर उन्होंने भक्तों की भीड़ देखी। इस भीड़ में कुष्ठ रोगी को खोज पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था परंतु बड़ी देर की खोज के उपरान्त तुलसीदास जी उस रोगी के पास पहुँच गये। हनुमान जी उस भीड़ में रोगी वेश में सबसे आखिरी में बैठे थे। तुलसीदासजी जैसे ही उनके पास गये वह कुष्ठ रोगी वहाँ से चले गये। परंतु तुलसीदासजी भी अब कहा रुकने वाले थे आगे-आगे वह रोगी पीछे-पीछे तुलसीदासजी चल पड़े। ऐसे ही पीछा करते वो आनन्द-कानन वन चले गये। यहाँ तुलसीदास जी ने दौड़कर उस रोगी का पैर पकड़ लिया।

तुलसीदासजी बोले- हे प्रभु ! मुझे ज्ञात है कि आप ही वीर हनुमान हैं। आप ही भक्तों के कष्ट मिटाने वाले है। श्रीराम की सेवा में रत रहने वाले कष्टभंजन करुणानिधान हे प्रभु मुझ दिन पर कृपा कर दर्शन दीजिये। बार-बार किये अनुरोध से प्रसन्न होकर अंततः हनुमान जी ने तुलसीदास जी को दर्शन दिए। तुलसीदास जी ने जगत कल्याण की इच्छा हेतु हनुमानजी से प्रार्थना किये। हे करुणानिधान ! संसार के लोग संकटों से घिरे है। आप जैसा कौन है जो इस संसार के लोगों को संकटों से बचा सकता है। हनुमानजी कृपा कर आप यहाँ रह जाइये। इस प्रकार के बारम्बार अनुरोध के पश्चात हनुमानजी उनकी बात मान गये और वे उस क्षेत्र में मिट्टी का रूप धारण कर स्थापित हो गए। इसी के बाद रामचरित मानस की रचना बाबा तुलसीदास ने की। जब-जब तुलसीदास जी को कोई समस्या हुई या कोई संकट आया उन्होंने हनुमानजी से विनती की और सारे संकट नाश हो गये। इसी कारण इस मंदिर में विराजे हनुमान जी का नाम संकटमोचन पड़ा।

इसके बाद तुलसीदासजी ने संकट मोचन हनुमान मंदिर का निर्माण कराया। बताया जाता है कि संवत 1631 और 1680 के बीच यह मंदिर बना था।

वर्तमान दृश्य होने वाले मन्दिर का निर्माण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन 1900 के आस-पास करायी। यह मंदिर लगभग 35,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। विशाल मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन होते है। वे दाएं हाथ से भक्तों को अभयदान दे रहे हैं वही उनका बायाँ हाथ उनके हृदय पर स्थित है। हनुमान जी की मूर्ति के ठीक ऊपर प्रथम पूज्य श्रीगणेश भगवान की मूर्ति स्थापित है। मूर्ति के दाहिने तरफ एक छोटा सा शिवलिंग भी स्थापित है।

संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति के ठीक सामने एक मंदिर है जिसमें प्रभु श्री राम, लक्ष्मण एवं माता सीता विराजमान है। वही परिसर में एक कुंआ भी है जो तुलसीदासजी के समय का ही है। यहाँ आनेवाले श्रद्धालु इस कुएं का मीठा जल पीते है। आज वर्तमान संकट मोचन मंदिर के परिसर में जो पीपल का विशाल वृक्ष है, मान्यतानुसार उसी के नीचे बैठकर तुलसीदासजी ने रामचरितमानस का एक बड़ा हिस्सा लिखा है। मंदिर के ठीक पीछे हवन कुंड है जहां श्रद्धालु हवन इत्यादि कार्यक्रम करते हैं।

वर्तमान दृश्य मंदिर की स्थापना पंडित मदन मोहन मालवीय ने सन् 1900 में कराई, जिन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना भी की है। मंदिर प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में खुलता है। प्रातः चार बजे मंदिर खुलने के पश्चात ही श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य एवं दिव्य आरती होती है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भगवान के विश्राम के लिए मन्दिर का कपाट बन्द किया जाता है। संध्या आरती रात्रि 9 बजे की जाती है। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हनुमान चालीसा पाठ से गूंज उठता है। इसके कुछ देर बाद प्रभु के शयन हेतु पुनः कपाट बंद कर दिया जाता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रभु का दर्शन करने देश-विदेश के कई हिस्सों से आते हैं परन्तु मंगलवार व शनिवार को विशेष भीड़ होता है। इसके आलावा हनुमान जन्मोत्सव, रामनवमी जैसे पर्वो पर भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है। प्रत्येक कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को सूर्योदय के समय यहां हनुमान जी की विशेष आरती होती है। प्रसाद के रूप में यहाँ विशेष रूप से बेसन के लड्डू अर्पित किए जाते हैं ।मन्दिर में प्रतिदिन श्रद्धालु रामचरितमानस, सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा, बजरंग-बाण आदि का पाठ श्रद्धा व विश्वास से करते हैं। यहाँ आनेवाला कभी भी कोई निराश नहीं लौटता बल्कि झोली भर के लौटता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बढ़ती सोने की कीमतों से बेहतर जमीनी टुकड़ा लेना क्या सही...आसमान छूते सोने के भाव



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र

एक वक्त था जब ऐसा लगता था कि किसी दुल्हन के शरीर पर सोने के आभूषण ना हो तो उसका श्रृंगार अधूरा है। औरत के 16 श्रृंगार में उसके आभूषण भी सम्मिलित रहते हैं परंतु बढ़ती सोने की कीमतों को देखकर ऐसा लगता है की एक समय ऐसा भी आएगा जब पितृपक्ष अपनी बेटी को सोने के आभूषण ना दिलवा कर उन्हें जमीनी टुकड़ा ही विवाह के समय तोहफे के रूप में देंगे। बिल्कुल सही कह रही हूं मैं। नित प्रतिदिन बढ़ती सोने की कीमतें आज आसमान को छू रही है ऐसा नहीं है कि जमीनी टुकड़ा वहीं का वहीं उसी कीमत में रह गया है जमीन के टुकड़े की कीमत बढ़ रही है जब सोने की कीमत वह जमीन की कीमत एक समान है तो क्यों ना जमीन ही अपनी बेटियों को खरीद कर दी जाए ताकि शादी के उपरांत उसके पास उसके कहने के लिए अपनी कोई संपत्ति हो। सोने के आभूषणों को यदि हम



बाजार में भविष्य में कभी बेचना भी चाहे तो इतना महंगा जो सोना खरीदा था उसे बेचने पर उसकी कीमत का एक चौथाई हिस्सा तो मेकिंग चार्ज के नाम पर सुनार ही काट लेते हैं और वर्तमान मूल्य के अनुसार उसे सोने का हमें सिर्फ और सिर्फ तीन तिहाई भुगतान करते हैं जबकि जमीनी टुकड़े के अंतर्गत ऐसा नहीं होता है जमीनी टुकड़ा जब कभी हम भविष्य में अगर बेचना भी चाहे तो उसकी कीमतों में इजाफा ही मिलेगा ना उसे पर किसी प्रकार की मेकिंग चार्ज कटती है और ना ही किसी प्रकार का हमें नुकसान होता है इसलिए अगर आज मैं अपनी सोच के अनुसार देखूं तो मुझे यही लगता है कि बढ़ती सोने की कीमतों को नजर अंदाज करते हुए हमें जमीन का एक टुकड़ा अपने आने वाले भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेना चाहिए क्योंकि जमीन का टुकड़ा हमें खरीदी भाव से अधिक ही मूल्य दिलवाएगा परंतु स्वर्ण आभूषण हमें वह भाव भी नहीं दिल पाएंगे जिस भाव में हमने कभी उन स्वर्ण आभूषणों को खरीदा था।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## काश मेरा भी बचपन लौट आये



**रविंद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं
बिलासपुर हिमाचलप्रदेश

जब से नन्हीं परी हमारे घर है आई
जिंदगी में जैसे बहारों को खींच कर है लाई
नन्हीं चिड़िया की तरह फुदकती रहती है सारा दिन
पूरे घर में खूब उसने उछल कूद है मचाई
दादा के साथ ही बाहर है घूमती
खेलती है खाना है खाती
दादा की बाहों के झूले में झूलती
न जाने चुपके से कब है सो जाती
चुपके से पूजा के कमरे में है जाती
बाबा की खड़ाऊं को माथे से है लगाती
जब भी मिलती किसी से राधे राधे है बुलाती
अम्मा की छड़ी को इधर उधर है फैंक आती
छुपा छिप्पी खेलती पर्दे के पीछे छुप जाती
ढूंढो ढूंढो पर्दे के पीछे से आवाज लगाती
दादा को जब दरवाजे के पीछे ढूंढ लेती
पकड़ लिया बोलकर जोर से खिलखिलाती
दादा का हाथ पकड़कर घूमने है जाती
भागो भागो कहकर नन्हें कदम है बढ़ाती
तितली देख कर पकड़ने को है दौड़ती
आजा आजा कह कर पास है बुलाती
पूरा दिन घर में इधर उधर घूमती शोर मचाती
रोने लगती जब चलते चलते है गिर जाती
मेरे फूंक मारने से दर्द हो जाता छू मन्त्र
ऐसा मान कर फिर हंसने खेलने है लग जाती
तोतली जुबान में न जाने क्या क्या कहती
हमारे नहीं समझने पर बार बार वही दोहराती
जैसे में करता वैसे ही पूरी नकल उतारती
कभी चश्मा निकालती कभी फोन ले जाती
काश मेरा भी बचपन लौट आये
न चिंता न डर हर तरफ उछल कूद मचाये
कभी मम्मी कभी पापा की गोद में चढ़ जाए
कोई डांटे तो झट से दादा से लिपट जाए

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## उम्मीद की चिराग




**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी धमतरी छत्तीसगढ़

तन्हाइयो का सफर हैं तेरा और मेरा
तन्हा कैसे कट पाये सफर अब मेरा
आप तड़पते बैठे हो अकेले ही वहाँ
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा
उम्मीद की चिराग ही जला पा रहे हैं
साथ होगा दिल को समझा पा रहे हैं
जाने किस विधि साथ होगा अब तेरा
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा
कैसे भी हालात अब जीना ही पड़ेगा
गम के आंसु खुद को पीना ही पड़ेगा
कभी तो सफ़र में साथ मिलेगा तेरा
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा
क्या कभी हम साथ- साथ हो पायेंगे
हर हाल में पिया तेरे साथ जी पायेंगे
कभी मन निराश ना हो मेरा और तेरा
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा
उम्मीदों के सहारे जीवन काट लेंगे
गम व ख़ुशी आपस में ही बाँट लेंगे
तू बने राधा मेरी मै घनश्याम हूँ तेरा
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा
जी रहे केवल साथ की ही आश में
बचा जीवन का सफर हो विश्वास में
रब घटाये अब दुरीयाँ मेरा और तेरा
जाने किस डगर पर साथ मिले तेरा

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## मैं इतना ही कह सकती हूँ.



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

मैं मात्र एक अंक थी कमज़ोर सा
तुम शून्य बनकर आये जीवन में
और दस गुना बढ़ा दिया
मेरा मान सम्मान कीमत
तुम्हारे प्रेम को प्रगट करने के लिए
नहीं कोई शब्द मेरे शब्द कोष में
मैं इतना ही कह सकती हूँ
कि तुम हो तो मैं हूँ।
मैं तो निष्क्रिय सा अग्निकुंड थी
जिसमें प्रज्वलित हुई धवल सी
चिंगारी
तुम्हारे विचारों के घर्षण से
और आज एक अक्षत दीप
सा जल रहा हैउस स्थान पर
तुम्हारे प्रति अपने प्रेम के विषय में
मैं इतना ही कह सकती हूँ...।
मैं मात्र एक खंडहर नुमा
इमारत थी
तुम आये जीवन में
किसी शिल्पकार की भाँति
और तुमने तराश कर पत्थरों
को
बना दिया मुझे एक
हसीन ताजमहल
अपने प्रेम की अभिव्यक्ति के
लिए
मैं इतना ही कह सकती हूँ..।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# मोदी के बाद अब कांग्रेस की फायर ब्रांड नेत्री प्रियंका का होगा दौरा

## सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में बढ़ी चुनावी सरगर्मी,उड़ने लगे हेलीकॉप्टर

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आने वाले दिनों में सरगुजा सीट के लिए चुनाव प्रचार करने कांग्रेस-भाजपा के शीर्ष नेताओं का जमावड़ा लगने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सरगुजा में कांग्रेस की फायर ब्रांड नेत्री महासचिव प्रियंका गांधी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ-साथ जनसभा को संबोधित करेंगी।

7 मई को तीसरे चरण में सरगुजा लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। मौसम में गर्मी के साथ-साथ सियासी तापमान उफान पर है। सेना के तीन एमआई हेलीकॉप्टर के साथ सरगुजा में जीत की हैट्रिक की उम्मीद में आये प्रधानमंत्री मोदी के बदले सुर के बाद कांग्रेस भी हेलिकॉप्टर प्रचार में कूद गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में जिला मुख्यालय पहुंचे सेना के 3 हेलीकॉप्टर से नगर में चुनावी कौतूहल नजर आया। लोग घरों से निकलकर हेलीकॉप्टर देखने लगे। आने वाले दिनों में कई बड़े नेता सरगुजा क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से पहुंच चुनावी सभाएं लेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार 26 अप्रैल से दो दिन के सरगुजा प्रवास पर आ रहे हैं। वे हेलीकॉप्टर से सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चंदन यादव आगामी दो दिनों तक सरगुजा जिले में चुनावी सभाओं के साथ-साथ संगठन को




रिचार्ज करने चुनाव प्रबंधन की समीक्षा करेंगे। गुरुवार देर रात पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू भी अंबिकापुर पहुंच गए हैं। शुक्रवार को धनेंद्र साहू शहर के विभिन्न स्थानों में नुक्कड़ सभाओं में भाग लेंगे। इसके साथ ही वे कई छोटी-बड़ी सभाओं में शिरकत कर सरगुजा में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मोर्चाबंदी करेंगे। प्रियंका की सभा सम्भवतः 3 मई को संभाग के सूरजपुर जिले के विश्रामपुर में होगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को भी चुनावी समर में लाने की तैयारी है। कल्पना सोरेन बलरामपुर के कुसमी या चांदो में चुनावी सभी को संबोधित करेंगी।

भाजपा में 26 अप्रैल शुक्रवार को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सरगुजा पहुंच रहे हैं। 27 अप्रैल शनिवार से प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय हेलिकॉप्टर से सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में 4 सभाएं लेकर धुँआधार चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहली सभा 27 अप्रैल को प्रतापपुर विधानसभा के वाड्रफनगर, 28 को बलरामपुर जिला,1 मई को सीतापुर और 2 मई को सामरी विधानसभा के शंकरगढ़ में आयोजित होगी।

इधर भाजपा-कांग्रेस के दोनों ही प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत की आस में लगातार मतदाताओं से सम्पर्क साध रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच प्रत्याशी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने पक्ष में मतदान की अपील करने कोई कसर नही छोड़ना चाहते। कुल मिलाकर सरगुजा की राजनीति अभी अपने शबाब पर है।

## गोधनपुर क्षेत्र में मचा पानी के लिए हाहाकार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर जहां एक ओर नगर निगम शहर को अमृत मिशन योजना के तहत 24 घंटे पानी देने की बात कहता है वहीं दूसरी तरफ गोधनपुर क्षेत्रवासी पिछले चार दिनों से सप्लाई पानी के लिए परेशान हैं। गोधनपुर पानी टँकी का मोटर जल जाने की बात बता निगम के प्रभारी अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। इस पानी टँकी से आसपास के सैकड़ों घरों में सप्लाई पानी जाता है। वार्डवासी किसी तरह से अपना दैनिक काम कर रहे हैं शिकायत के बाद भी अब तक निगम के किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने सुध नही ली है।

आपको बता दें अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र का वह इलाका है जहां कई मध्यमवर्ग परिवार निवास करता है। वार्ड के भाजपा नेता प्रेमानंद तिग्गा ने बताया कि गोधनपुर पानी टँकी से महुआपारा, यादव बस्ती, चंदू गैरेज के नीचे, सिकटापारा, भट्ठापारा व कत्था फैक्ट्री क्षेत्र में पानी सप्लाई होता है। वे स्वयं कई बार निगम के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन जल्द ही बन जायेगा कह कर टाल दिया जा रहा



है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष गर्मी शुरू होते ही यहां का मोटर जल जाता है और मोहल्लेवासियों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। कई बार निगम के अधिकारियों से कहा भी गया है कि घुनघुटा से सप्लाई होने वाले अमृत मिशन पाइप लाइन से वार्ड को जोड़ा जाए लेकिन अभी तक जोड़ा नही गया है। जिसकी वजह से वार्डवासी बेहद परेशान है।

बहरहाल अंबिकापुर नगर निगम में अमृत मिशन योजना के तहत 106 करोड़ से अधिक की लागत से अंबिकापुर शहर में पाइप लाइन का विस्तार तो कर दिया गया। बावजूद इसके अंबिकापुर शहर की पौने दो लाख की आबादी को 24 घंटे पानी देने का सपना अभी अधूरा रह गया है। अब देखना होगा कि नगर निगम वार्डवासियों को कब तक शुद्ध पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करा पाती है।

इस संबंध में महापौर परिषद के जल प्रभारी द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी अभी तुरन्त ही मिली है। यदि ऐसी शिकायत है तो उसे तुरन्त ही दूर कर लिया जाएगा। मोटर जलने की बात पर उन्होंने कहा कि कल ही उसे दुरुस्त करा लिया जाएगा और पानी सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगा।

## शहर में सात पॉइंट लगाकर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने 81 प्रकरण दर्ज कर 59 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया है। पुलिस ने शहर के चौपाटी, गांधी चौक, खरसिया चैक, गुदरी चौक ,अम्बेडकर चौक,आकाशवाणी चैक, मठपारा में शाम 7 बजे से सात पाइंट लगाया था। देर रात तक सभी पॉइंट पर एक साथ सघन चेकिंग अभियान जारी रखा गया।



कार्रवाई के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहन चालकों के विरुद्ध 03 प्रकरण दर्ज कर 15 हजार रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। इसी तारतम्य में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 03 प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय में पेश किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने के 34 प्रकरण दर्ज कर 10 हजार 200 रुपये, दोपहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चालन करने के 08 प्रकरण दर्ज कर 4000 रुपये, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले 05 वाहन चालकों के विरुद्ध 10 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात नियमों की अवहेलना के 15 प्रकरण दर्ज कर 11 हजार 400 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। इसी प्रकार अन्य कार्रवाई में समंस शुल्क की वसूली की गई है। सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने एवं यातायात नियमों का पालन कराने की दृष्टि से सख्ती बरतते हुए लगातार कार्रवाई जा रही हैं। आम नागरिकों से स्वयं व और की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

## युवती अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की खुदकुशी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोतवाली थाना अंतर्गत घुटरापारा, सोनपुर की प्रियंका सिंह पति मुकेश केवट 20 वर्ष बीती रात अज्ञात कारण से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कराया है। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने डॉयल 112 के आरक्षक और चालक को किया पुरस्कृत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

एम्बुलेंस दुर्घटना के मामले में घायलों को रेस्क्यू कर आपातकालीन सुविधा प्रदान करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत कर पुलिस अधीक्षक ने इनका उत्साहवर्धन किया। आपातकालीन सेवा, डॉयल 112 के आरक्षक एवं वाहन चालक को उत्कृष्ट कार्य व सराहनीय सेवा प्रदान करने के लिए नगद ईनाम एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। द्वय ने सड़क दुर्घटना के पश्चात एम्बुलेंस मे फंसे घायलों को त्वरित चिकित्सीय सुविधा प्रदान कराने की पहल की थी।

सरगुजा पुलिस 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत जिले में आम नागरिकों को त्वरित आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने के लिए डॉयल 112 का सुचारु रूप से संचालन कर रही है। आपातकालीन वाहन में ड्यूटी में तैनात पुलिस टीम को किसी भी मामले की सूचना प्राप्त होने पर शीघ्रता से घटनास्थल पहुंचने और पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बीते 17 जनवरी 2024 को अलसुबह तीन बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित आपातकालीन वाहन डॉयल 112, शेर-01 को सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर रायपुर से सूचना प्राप्त हुई कि बिलासपुर चैक के पास सड़क दुर्घटना में कुछ लोग घायल हैं। सूचना पर



जिला पुलिस कंट्रोल रूम अंबिकापुर ने इसकी सूचना ड्यूटी में तैनात आरक्षक निर्मल खलखो एवं वाहन चालक संजय दास को दी। डॉयल 112 में कर्तव्यस्थ आरक्षक एवं चालक तत्काल घटनास्थल बिलासपुर चैक पहुंचे, यहां आने पर पता चला कि जिला अस्पताल अंबिकापुर से मरीज एवं उनके स्वजनों को ईलाज हेतु रायपुर ले जा रही एम्बुलेंस को ट्रक के चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे एम्बुलेंस सड़क किनारे पलट गई। क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस में मरीज व उसके स्वजन घायल अवस्था में फंसे हुए थे। आरक्षक निर्मल खलखो एवं चालक संजय दास दुर्घटनाग्रस्त एम्बुलेंस का शीशा तोड़कर अंदर घुसे और पीछे का गेट खोलकर मरीज व स्वजनों को सुरक्षित बाहर निकाले। पुलिस टीम ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रवाना करके आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया था। डॉयल 112 टीम के द्वारा घायलों को समय पर आपातकालीन सेवा प्रदान करने पर आरक्षक निर्मल खलखो एवं चालक संजय दास को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस अधीक्षक सरगुजा विजय अग्रवाल ने नगद ईनाम एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य में भी आम नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिया।

## कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया जेल दाखिल

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शादी करने से इन्कार करने पर महिला ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी।




पुलिस ने बताया नमनाकला निवासी श्रीप्रसाद गिरी उर्फ शिवा 46 वर्ष का महिला से जान-पहचान वर्ष 2022 में हुआ था। इसके बाद वह महिला के साथ शादी करने का झांसा देकर सितम्बर 2022 और जून 2023 में किराए के मकान में रखकर जबरन दुष्कर्म किया, बाद में शादी करने से इन्कार कर दिया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 376(2)(एन) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना में लिया था। विवेचना में लगी पुलिस टीम आरोपी को घेराबंदी करके पकड़ी। आरोपी मूलतः ग्राम खोपा, पुलिस चैकी करंजी, थाना बिश्रामपुर का रहने वाला है। वर्तमान में वह नमनाकला अंबिकापुर में रह रहा है। आरोपी ने पूछताछ में महिला के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना से उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, महिला आरक्षक सरस्वती सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, विवेक राय, प्रदीप सिंह, संजय कुजूर शामिल रहे।

## धारदार कटार लहराने वाला आरोपी जेल दाखिल



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** कोतवाली थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट की कार्रवाई करते हुए आरोपी से लोहे का धारदार कटार बरामद किया है। आरोपी सार्वजानिक स्थल पर कटार लहराकर आम नागरिकों को भयभीत कर रहा था। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की नजर उपद्रवियों पर है। कोतवाली थाना पुलिस को 25 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति प्रतापपुर रोड धोबी नाला के पास सार्वजनिक स्थल पर, मुख्य मार्ग में कटारनुमा लोहे का धारदार औजार रखकर लहराते हुए सड़क से गुजरने वाले नागरिको को भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को लोहे के कटार के साथ घेराबंदी करके अपने कब्जे में ली। आरोपी प्रभु दास 27 वर्ष प्रतापपुर रोड धोबीनाला के पास का रहने वाला है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह शामिल रहे।

**धारदार कटार लहराने वाला आरोपी जेल दाखिल**

## बुधवारी बाजार अजिरमा से स्कूटी चोरी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बुधवारी बाजार अजिरमा से अज्ञात चोरों ने महिला का स्कूटी पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई है। वृद्धा आश्रम रोड भगवानपुर खुर्द निवासी पुष्पा सिंह पति अम्बिका मरावी 30 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि 21 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे वह स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 15 सीयू 1966 से बुधवारी बाजार अजिरमा सब्जी लेने गई थी। सड़क के किनारे स्कूटी खड़ा करके सब्जी ले रही थी, आधे घंटे बाद वापस आई तो स्कूटी वाहन मौके पर नहीं थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

## अचेत अवस्था में सड़क किनारे मिला सफेद भालू का शावक

» छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया

» अचेत अवस्था में सड़क किनारे मिला सफेद भालू का शावक

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर/मरवाही, 26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मरवाही मरवाही में गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे सफेद भालू के शावक को सुबह लोगों ने अचेत अवस्था में सड़क किनारे देखा। सूचना पर गांव के सरपंच सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। भालू के शावक को अपने हाथों से लोगों ने पानी पिलाया और होश में लाया।

बताया जा रहा है कि सफेद भालू का शावक बदहवास स्थिति में था और पास ही उसके मां के होने की आवाजें आ रही थी। इसलिए शावक भालू को वहीं जंगल की सीमा से लगे इलाके में रखकर उसकी मां के आने का इंतजार वन विभाग कर रहा था। भालू का





शावक करीब 11 बजे जंगल के भीतर चला गया। वन विभाग की टीम काफी देर तक जंगल में शावक के मूवमेंट पर नजर रखते हुए उसे पानी भोजन इत्यादि देने का काम करते रही। करीब तीन घंटे तक वन विभाग के अधिकारी नजर बनाए हुए थे, और लोगों को भालू प्रभावित वाले इलाके में जाने से रोका जा रहा था, ताकि प्राकृतिक तरीके से भालू वापस जंगल की सीमा में जा सके।

बिलासपुर के कानन पेंडारी से रेस्क्यू टीम और पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से डीएफओ रौनक गोयल इस जगह की पहचान सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं। मरवाही के जंगलों में पानी की कमी और लगातार बेतहाशा उत्खनन के चलते भालू इसी प्रकार लगातार जंगल से लगे गांवों की सीमाओं में प्रवेश कर रहे हैं। बता दें कि यह सफेद भालू का शावक कोई पोलर बीयर नहीं है। यह सामान्य स्लॉथ बीयर प्रजाति का ही भालू है। वर्ष 1997 से लगातार मरवाही में सफेद भालू मिलते रहे हैं।

# चीन ने मालदीव के समुद्री क्षेत्र में फिर उतारा अपना जासूसी जहाज,मुइज्जू सरकार ने नहीं बताई वजह

**माले,26 अप्रैल 2024।** मालदीव में चीन समर्थक मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद फिर से बीजिंग और माले के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। चीन ने दो महीने बाद 4,500 टन वजनी और उच्च तकनीक से लेस रिसर्च जहाज को मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा है। अब तक मुइज्जू सरकार द्वारा इस बारे में खुलासा नहीं किया गया है कि इस जहाज के वापस लौटने का कारण क्या है। लेकिन, इस बात की पुष्टि की है कि यात्रा से पहले जहाज को माले में खड़ा करने की अनुमति दी गई थी।

### मालदीव के समुद्री क्षेत्र में वापस लौटा चीनी जहाज

चीन द्वारा यह जहाज ऐसे समय में मालदीव के समुद्री क्षेत्र में उतारा गया है, जब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने आम चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। बता दें कि मुइज्जू द्वारा बार बार चीन का समर्थन किया जाता है। चीन का जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) को पार कर वापस लौट आया है और अब मालदीव क्षेत्र के अंदर या उसके पास सक्रिय है। मालदीव की विशेष आर्थिक सीमा के पास एक महीना बिताने के बाद यह जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। यहां लगभग छह दिन बिताने के बाद जहाज ईईजेड के पार चला गया था। उस दौरान भारत और अमेरिका ने इस पर आपत्ति भी जताई थी।

### फरवरी में भी किया था मालदीव का दौरा



फरवरी में ही मालदीव के विदेश मंत्री ने कहा था कि चीन के जहाज द्वारा अपने केबिन क्रू के रोटेशन के लिए मालदीव का दौरा किया गया था। यह भी दावा किया गया था कि इस दौरान जहाज द्वारा किसी भी तरह की रिसर्च नहीं की गई। मालदीव की भारत की दूरी बमुश्किल 70 समुद्री मील है। हिंद महासागर क्षेत्र में वाणिज्यिक समुद्री मार्गों का केंद्र होने की वजह से इस जगह का अपना अलग ही सामरिक महत्व है।

### आधुनिक सुविधाओं से लेस जियांग यांग होंग 03

चीन के जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 की बात करें तो इसका प्रबंधन चीन स्टेट ओशेनिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा किया जाता है। यह जहाज गहरी और लंबी दूरी के समुद्री क्षेत्र में अनुसंधान के लिए तैयार किया गया सबसे आधुनिक जहाज है। जहाज का इस्तेमाल समुद्र में अलग अलग अन्वेषणों के लिए किया जाता है। यह जहाज डेटा प्लव्स से भी लेस है, जो समुद्री लहरों और महत्वपूर्ण पर्यावरणीय जानकारी को माप सकते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि इस जहाज द्वारा किसी भी काम के लिए बिना किसी मदद के 15,000 नॉटिकल मील तक बिना रुके यात्रा की जा सकती है।

इससे पहले भी 22 फरवरी को यह जहाज मालदीव पहुंचा था। दरअसल जनवरी में राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा की थी और इसके तुरंत बाद जहाज चीन से निकल गया था। इस दौरान जहाज का रडार सिस्टम बंद कर दिया गया था। इस पर भारत और अमेरिका द्वारा जासूसी का आरोप लगाते हुए आपत्ति दर्ज की गई थी।

# तंजानिया में भारी बारिश के कारण 155 की मौत, PM मजालिवा ने अल नीनो को ठहराया जिम्मेदार

**डोडोमा,26 अप्रैल 2024।** तंजानिया में पिछले कुछ हफ्तों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। बाढ़ और भूस्खलन के कारण अबतक 155 लोगों की जान चली गई। भारी बारिश के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए तंजानिया के प्रधानमंत्री कासिम मजालिवा ने इसके लिए अल नीनो जलवायु पैटर्न को जिम्मेदार ठहराया है। तंजानिया में भारी बारिश के कारण सड़कों, ब्रिज और रेलरोड को काफी नुकसान पहुंचा है।



पीएम मजालिवा ने कहा, आंधी-तूफान के साथ भारी अल नीनो बारिश के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई है। इससे काफी क्षति पहुंची है। उन्होंने बारिश के विनाशकालीन प्रभाव के लिए अस्थिर खेती के तरीके को जिम्मेदार ठहराया है। इस अस्थिर खेती के तरीकों में फसलों को काटकर जलाना, पशुओं की अनियंत्रित चराई और जंगलों की कटाई शामिल है।

### बारिश के कारण 20,000 से अधिक लोग प्रभावित

तंजानिया के प्रधानमंत्री ने बताया कि भारी बारिश के कारण 51,000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 20,000 से भी अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बाढ़ में फंसे लोगों को आपातकालीन सेवाओं के जरिए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। यहां के स्कूलों में भी पानी भर जाने के कारण उन्हें बंद कर दिया गया है। बाढ़ के कारण 226 लोग घायल भी हुए हैं। वहीं पूर्वी अफ्रीका में अभी भी भारी बारिश जारी है।

बता दें कि अल नीनो एक प्राकृतिक रूप से होने वाली मौसमी घटना है जो बढ़ते ग्लोबल वॉर्मिंग, सूखे और भारी वर्षा का कारण बनता है। पूर्वी अफ्रीका में इन दिनों सामान्य की अपेक्षा अधिक बारिश हुई है। इसके कारण पड़ोसी देश बुरुंडी और केन्या में भी जलभराव की घटना सामने आई है।

# ब्लिंकन और जिनपिंग की मुलाकात,अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता भूलकर संबंध बेहतर और मजबूत बनाने की कवायद

**वॉशिंगटन,26 अप्रैल 2024 ।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मतभेदों के बावजूद तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने चीन के सुरक्षा मंत्री वैंग शियाओहोंग से भी मुलाकात की थी।



चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, राष्ट्रपति शी ने कहा कि उन्होंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और जीत के सहयोग का प्रस्ताव दिया। दोनों को अपने इतिहास से सबक लेकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए। मंत्रालय ने आगे कहा, यह दोनों देशों के लोगों की इच्छा है कि अमेरिका और चीन बातचीत को मजबूत करें, दूरियों को कम करने की कोशिश करें और सहयोग को आगे बढ़ाए। चीन एक समृद्ध और संपन्न अमेरिका को देखकर खुश है। उम्मीद है कि अमेरिका भी चीन के विकास को सकारात्मक दृष्टि से देख सकता है। उन्होंने कहा, पिछले 45 वर्षों से अमेरिका-चीन का संबंध हवा और बारिश के जैसा है। चीन और अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी के बजाय एक-दूसरे का भागीदार बनना चाहिए। एक दूसरे को दुख पहुंचाने के बजाय तरक्की में एक-दूसरी की मदद करनी चाहिए।

ब्लिंकन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, आज वैंग यी के साथ। आज हमने मादक तत्वों के रोकथान के साथ मतभेद के क्षेत्रों में भी चर्चा की, जहां हम दोनों देशों के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रगति कर सकते हैं।

इससे पहले ब्लिंकन ने कहा था कि वह उन मुद्दों पर बात करने के लिए चीन में थे, जो अमेरिकी नागरिकों के लिए मायने रखता है, इसमें कर्बिंग फेंटानिल तस्करी भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देश 2023 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए चल रहे काम पर चर्चा करेंगे।

# इस्राइल विरोधी प्रदर्शन के लिए भारतीय मूल की छात्रा भी गिरफ्तार,साथियों का दावा- घर से भी निकाल दिया

**वॉशिंगटन,26 अप्रैल 2024 ।** हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कई विश्वविद्यालय के छात्र इस्राइल के खिलाफ विरोध- प्रदर्शन कर रहे हैं। बिगड़ते माहौल को देखते हुए कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन गिरफ्तार लोगों में एक भारतीय मूल की छात्रा भी है।




### तमिलनाडू में जन्मी अचिंत्या गिरफ्तार

प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा उन दो छात्रों में शामिल है, जिन्हें परिसर में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और परिसर से बाहर जाने से रोक दिया गया। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि तमिलनाडू के कोयंबटूर में जन्मी और कोलंबस में पली-बढ़ी अचिंत्या शिवलिंगन के विश्वविद्यालय परिसर में आने पर रोक लगाने का फैसला लिया है। साथ ही उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया।

# हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे से अन्य देश भी सीखें,यूएन में बोले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**वॉशिंगटन,26 अप्रैल 2024।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैकः डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया।



### भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता

सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है। सभी ने इसमें अहम भूमिका निभाई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीते साल नई दिल्ली में हुए जी20 सम्मेलन में डिजिटल बुनियादी ढांचे की ताकत को पहचाना गया। भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक वैश्विक भंडार बनाने की पहल की। अभी 16 देशों में 55 डिजिटल बुनियादी ढांचे हैं। वैष्णव ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा से अन्य देश भी प्रेरित होंगे और अपनी डिजिटल प्राथमिकताओं को तय करेंगे।

### अमिताभ कांत ने भी किया संबोधित


हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है।

# शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और विकासखंडों में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस




**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.गुप्ता के निर्देशानुसार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में गत दिवस सरगुजा जिले के शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं विकास खण्डों में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर बैनर, पॉम्पलेट, प्रदर्शन करते हुए जागरूकता रैली, सोर्स रिडक्शन गतिविधियॉं, मितानिन ट्रेनिंग, नारा लेखन, एल.एल. आई.एन. उपयोगिता का महत्व बताते हुए समुदाय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया।



वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सरगुजा जिले के सभी स्तरों पर सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर निरन्तर कार्य किया जा रहा है, जिससे मलेरिया पॉजिटिव दर में कमी हुई है तथा सरगुजा जिला मलेरिया मुक्त होने की ओर अग्रसर है।

वर्तमान में शून्य मलेरिया के उद्देश्य से पॉजिटिव केस को लक्ष्य मानकर कार्ययोजना निर्धारित करते हुये रेपिड फीवर सर्वे, मच्छरदानी का शत प्रतिशत उपयोग तथा मच्छरों के उत्पति स्थानों को नष्ट करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मलेरिया से बचाव हेतु अपने घरों एवं आस-पास पानी जमा न होने दें, पानी जमा होने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें, जमा पानी में आवश्यकता अनुसार मिट्टी का तेल, जला हुआ मोबिल डालें। सप्ताह में एक बार कूलर का पानी खाली कर सुखाकर पुनः प्रयोग करे, पूरे बांह के कपड़े पहनें। शाम को नीम के पत्ते का धुंआ करे, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

# संयुक्त टीम के द्वारा रोका गया बाल विवाह

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन को जिले के क्षेत्रों में बाल विवाह राकने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है, इस दिवस को बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते हैं। अतएव अन्य दिवसों के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी रखने की आवश्यकता है की जिले में कही भी बाल विवाह न हो इसके लिए जिला प्रशासन सतर्क भी है। इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई की विकासखण्ड शंकरगढ़ के अंतर्गत ग्राम परेवा में बाल विवाह हो रही है। सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम परेवा पहुंचकर बालक के माता-पिता एवं सगे संबंधियों को समझाईश देकर बाल विवाह होने से रोका गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि लड़के का उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करें। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोबाइल नम्बर 9826278915 या टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करके एवं अपने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, शिक्षक, कोटवार, तहसीलदार, थाना प्रभारी, पर्यवेक्षक एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता को अविलंब सूचित करें। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।



# क्या मतदान के ठीक पहले कोरिया जिले में बैकफुट पर है भाजपा जिला संगठन ?

- शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं नजर नहीं आ रहे भाजपा कार्यकर्ता
- ना नुक्कड़ सभा ना जनसंपर्क,कैसे मिलेगी जीत...सिर्फ भाजयुमो और महिला मोर्चा के कार्यकर्ता कहीं-कहीं कर रहे जनसंपर्क
- सिर्फ बैठकों तक सीमित है भाजपा संगठन के पदाधिकारी,आखिर क्यों पड़े सुस्त,सवालिया निशान
- क्या सिर्फ मोदी के भरोसे मिलेगी जीत,यह मानकर घर बैठे भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता यदि जीत मिली तो श्रेय लेने से पीछे नहीं हटेंगे?
- क्या किसी षड्यंत्र का शिकार हो रहीं सरोज पांडेय?



- रवि सिंह -
कोरिया/कोरबा 25 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव हेतु मतदान के लिए अब लगभग 10 दिन का समय शेष रह गया है, इसे ध्यान रखते हुए जहां अन्य पार्टियां बूथ स्तर तक दम खम लगा रही हैं तो वहीं कोरिया जिले में भाजपा के बड़े बड़े नेता घर पर बैठे हुए हैं,भाजपा का जिला संगठन जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैकफुट पर दिखलाई दे रहा है,बतलाया जाता है कि जब भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय का क्षेत्र में दौरा होता है तो भाजपा नेता सक्रिय हो जाते हैं और उनके जाते हीं फिर वे घर पर बैठ जा रहे हैं नेताओं के इस रवैये से फिर एक बार मोदी सरकार का नारा कैसे साकार होगा यह चिंतनीय विषय है। चुनाव सर पर है और नेताओं की सुस्ती समझ से परे और संदेहास्पद भी है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर डालने से यह प्रतीत हो रहा है कि कोरिया जिले में कोई भी भाजपा नेता ईमानदारीपूर्वक काम नही कर रहा है, मंडल स्तर एवं जिला भाजपा कार्यालय में सिर्फ बैठक लेकर औपचारिकता पूरी की जा रही है,डोर टू डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ नाटक सभा से भाजपा नेता कोसो दूर हैं। मै,मै कर हर कार्य का झूठा श्रेय लेने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष दूसरे जिले में जाकर कार्यक्रम में शामिल होते दिख रहे हैं लेकिन खुद के जिले में उनकी सक्रियता एकदम शून्य है। नेताओं के निष्क्रिय रहने के कारण कार्यकर्ता भी अब सुस्त पडते दिखलाई दे रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में कोरबा संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी का प्रचार विभाजित कोरिया जिले में सुस्त नजर आ रहा है वहीं कोरिया जिले की बात करें तो यहां संगठन का काम प्रचार के दैरान नजर नही आ रहा है वहीं विधायक की भी सक्रियता कम नजर आ रही है। भाजपा प्रत्याशी जब आती हैं तब भले ही संगठन के दो चार प्रमुख चेहरे सामने नजर आ जाते हैं लेकिन जमीनी हकीकत की बात की जाए तो इस बार लोकसभा प्रत्याशी के लिए कोई खास मेहनत संगठन नहीं कर रहा है वहीं बैठकों के अलावा जमीनी संपर्क अभी तक शून्य नजर आ रहा है। मौजूदा सांसद साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी के लिए इस बार जहां पूरा कांग्रेसी खेमा एकजुट है उनके लिए लगातार जन संपर्क कर रहा है वहीं भाजपा में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है और अधिकांश वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता शांत हैं। वैसे माना जा रहा है की भजापा संगठन और विधायक मोदी लहर के भरोसे हैं और वह यह मानकर चल रहे हैं की मोदी लहर में प्रत्याशी की जीत तय है उन्हे कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं। जिले में खासकर कोरिया जिले में सोशल मिडिया में भी भाजपा का दमखम कम ही है अपने प्रत्याशी के पक्ष में,जिला संगठन प्रमुख सहित उनके एक दो खास केवल अपनी तस्वीर सामने आ जाए उन्हे लोग आगे देख पाएं इतने तक ही व्यस्त हैं वहीं काम के नाम पर जनसंपर्क के नाम पर वह कहीं आना जाना नहीं कर रहे हैं वहीं अन्य वरिष्ठ पुराने नेताओं को तो वर्तमान संगठन प्रमुख ने हाशिए पर ही डाल रखा है उन्हे क्या जिम्मेदारी दी जायेगी उनकी क्या उपयोगिता है पार्टी में यह उन्हे बताना भी मुनासिब नहीं समझते संगठन प्रमुख? वैसे कोरिया जिले में भाजपा के जिलाध्यक्ष साथ ही भाजयुमो के जिलाध्यक्ष के साथ एक कोई टीम में हो बड़ी ऐसा कभी नजर नहीं आया। भाजपा जिलाध्यक्ष जहां केवल एकला चलो की नीति पर काम कर रहे हैं वहीं उनके एक दो खास भी वही काम कर रहे हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष का भी हाल इनसे अलग नहीं है।

### सोशल मडिया से आगे उनका जमीनी हकीकत पकड़ शून्य

सोशल मडिया से आगे उनका जमीनी हकीकत पकड़ शून्य ही है और भाजयुमो कहीं न कहीं कमजोर हुआ है। कुल मिलाकर जिलाध्यक्ष भाजपा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष के साथ काम करते हुए वर्तमान विधायक भी उन्ही की तरह हो जा रहे हैं और वह भी उस तत्परता से उत्साह से प्रचार करते नजर नहीं आ रहे हैं जैसा उन्हे प्रचार मामले में जाना जाता है। देखा जाए तो कोरिया जिले में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी केवल मोदी लहर तक ही संघर्ष में हैं,संगठन सहित विधायक के प्रयासों से उन्हे कुछ हासिल होने जा रहा है लगता नहीं क्योंकि संगठन में दो चार ही लोग हैं जो अपनी चला रहे हैं जिलाध्यक्ष के साथ मिलकर वहीं अन्य पुराने वरिष्ठ भाजपाइयों को किनारे भी लगाने काम करते चले आ रहे हैं और पूरी तरह से वह लगे हुए हैं की उनके कार्यकाल में ही भाजपा का पुराना कुनबा नेस्तनाबूत हो जाए और केवल वही लोग बचें जो उनके लिए उनकी जी हुजूरी को तैयार रहें।

### आखिर क्यों रुचि नही ले रहा भाजपा संगठन?

लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोरिया जिला संगठन क्यों रुचि नहीं ले रहा है यह बड़ा सवाल है। कोरिया भाजपा संगठन वैसे भी जिलाध्यक्ष के एकला चलो की राह पर अग्रसर है और भगवान भरोसे ही संगठन चल रहा है उसके ऊपर लोकसभा चुनाव में संगठन की निष्क्रियता जमीनी स्तर पर कहीं प्रत्याशी के लिए नुकसानदायक साबित न हो जाए।वैसे जिलाध्यक्ष की टीम जो एक दो लोगों की है के अलावा भाजपा का पूरा संगठन मौन साधे बैठा है और माना जा रहा है की उपेक्षा की वजह से कोई मन से काम नहीं कर रहा है प्रत्याशी के लिए केवल दिखावे के लिए ही प्रत्याशी के लिए काम हो रहा है। वैसे भाजपा प्रत्याशी की जीत मोदी लहर की ही वजह से ही सुनिश्चित मानी जा सकती है संभावित हो सकती है वरना संगठन खासकर जिलाध्यक्ष और अन्य के बीच बढ़ती दूरी को देखते हुए लगता नहीं की जीत तय है। जिस प्रकार से देखने में मिल रहा है कि बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में कोरिया भाजपा संगठन की सक्रियता एकदम शून्य है और संगठन के पदाधिकारी रूचि नही ले रहे हैं उससे मामला संदेहास्पद भी हो चुका है। हलांकि विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि कौन नेता काम कर रहा है और नही इसकी रिपोर्टिंग भी ऊपर तक हो रही है और भविष्य में इसी हिसाब से नफा नुकसान भी होना है।

### नही दी गई है अन्य नेताओं को जवाबदारी

भाजपा संगठन ने अपने ही वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी नहीं दी है। जिलाध्यक्ष का अपना ही एक गुट है जो अकेले ही बैठक करते रहता है वहीं भाजपा के अन्य वरिष्ठ एवम आम कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।वर्तमान जिलाध्यक्ष सहित संगठन ने सभी जिम्मेदारी सीमित लोगों तक दे रखी है। पहली बार ऐसा लग रहा है की भाजपा एकजुट होकर नहीं लड़ रही है बल्कि मोदी लहर में प्रत्याशी मैदान में हैं वहीं संगठन अपनी एकला चलो नीति के साथ स्थिर बैठा हुआ है।

### बिखरी हुई है भाजपा, एकजुट नजर आ रही है कांग्रेस

इस बार कोरिया जिले में भाजपा पूरी तरह बिखरी नजर आ रही है। जिलाध्यक्ष को लेकर बताया जाता है की वह बड़े नेताओं के अलावा पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं को लेकर अलग ही भाव रखते हैं और वह भरसक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से दूरी बनाए रखते हैं वहीं बड़े नेता मंत्री जब मंच पर होते हैं किसी कार्यक्रम में होते हैं तब जिलाध्यक्ष भाजपा अपने एक दो खास लोगों के साथ उन्हे घेरे रहते हैं जिससे कोई अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़े नेताओं से मिल न सके करीब न जा सके। इस बार कुल मिलाकर भाजपा बिखरी नजर आ रही है वहीं बात कांग्रेस की करें तो कोरिया जिले में कांग्रेस संगठित नजर आ रही है। इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का एक एक पदाधिकारी एकजुट होकर काम कर रहा है प्रत्याशी के लिए वहीं वरिष्ठ और एक आम कार्यकर्ता सभी को अलग अलग जिम्मा दिया गया है कहीं कोई ऐसी बात सुनने को नहीं मिल रही है जो यह साबित करे की कोई भी नाराज है या उपेक्षित है। इस बार कांग्रेस का लक्ष्य भी बताया जा रहा है की यह है की पिछली बार से ज्यादा मत वह प्रत्याशी को दिला सके। वैसे सोशल मिडिया में जहां भाजपा के कुछ नेता अपनी तस्वीर ही बड़े नेताओं के साथ साझा कर रहे हैं और प्रत्याशी की जीत और भाजपा के तरफ से कांग्रेस पर अक्रामक होने का प्रयास नही कर रहे हैं वहीं कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता भाजपा पर आक्रामक है सोशल मिडिया पर।कुल मिलाकर भाजपा के जो नेता जिलाध्यक्ष की टीम में हैं वह केवल बड़े नेताओं के आने पर घेरा बनाने में ही व्यस्त है जिससे उनकी ही तस्वीर सामने आ जाए बाकी पार्टी प्रत्याशी जीत जाए या हार जाए।

### काम करने वाले कार्यकर्ताओं को दबाने की कोशिश?

कोरिया जिले में जो कार्यकर्ता काम करने वाला है उसे दबाने की पूरी कोशिश की जा रही है यह कुछ भाजपाइयों का ही कहना है। आज भाजपा में भाजपाई ही घुटन महसूस कर रहे हैं उपेक्षित हैं यह कुछ भाजपाइयों का ही कहना है। बताया जा रहा है इसके पहले जितने भी जिलाध्यक्ष भाजपा में रह चुके हैं सभी ने सभी के साथ मिलकर भाजपा संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया था वहीं वर्तमान जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में संगठन नाममात्र का है जो किसी तरह चल रहा है जबकि चुनाव में जीत मोदी लहर की ही उम्मीद में है वरना जीत मुश्किल है। भाजपा के पार्षद, बीडीसी,डीडीसी सभी मैदान से नदारद हैं। अब ऐसी स्थिति में कैसे जीत संभव होगी यह सोचने वाली बात है।

### प्रतिदिन होनी है कई सभा, नुक्कड़ सभा, कोरिया जिले में नजर नहीं आ रहा कुछ भी

भाजपा की चुनावी रणनीति के तहत बताया जा रहा है की प्रत्याशी के पक्ष के प्रतिदिन नुक्कड़ सभा होनी है वहीं कई जगह सभा होनी है लेकिन कोरिया जिले में कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। कोरिया जिले में एक भी सभा अभी तक देखने को नहीं मिली,वहीं कांग्रेस कई सभा कर चुकी कई घरों में वह अपने कार्यकर्ताओं की बैठक कर चुकी है वहीं सत्ताधारी भाजपा काफी पीछे है,।एक तरह से भाजपा संगठन ने प्रत्याशी को काफी पीछे ला खड़ा किया है। यदि मोदी लहर नहीं चली मामला प्रत्याशी के लिए गलत होगा।

### फिल्ड से गायब भाजपा नेता

कोरबा लोकसभा में मतदान आगामी 7 मई को होना है इस लिहाज से अब लगभग 10 दिन का समय शेष रह गया है देखने मे मिला रहा है कि कोरिया जिले में खासकर बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा के बड़े बड़े नेता और संगठन के पदाधिकारी चुनावी मैदान से पूरी तरह से गायब हैं, किसी भी गांव में जनसंपर्क नही किया जा रहा है और ना ही साप्ताहिक बाजारों मे नुक्कड़ सभाएं। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे भाजपा नेताओं ने मोदी के भरोसे चुनाव छोड़ दिया है। पार्टी सूत्रो का कहना है कि संगठन के चुनिदा नेता सिर्फ बैठको तक सीमित हैं संगठन द्वारा मिले निर्देश को वे कागजों में पूरा कर रहे हैं जनसंपर्क और रोजाना दौरे की कोई रूपरेखा जानबूझकर नही बनाई जा रही है।

### कार्यकर्ताओं को दबाने की कोशिश

बतलाया जा रहा है कि भाजपा का जिला संगठन एकदम शांत बैठा हुआ है,महिला मोर्चा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कुछ पदाधिकारी काम कर रहे हैं लेकिन किसी ना किसी प्रकार उन्हे भी दबाने और शांत करने की कोशिश की जा रही है। प्रत्याशी सरोज पांडेय के दौरे में भाजपा के बड़े नेता सक्रिय हो जाते हैं यहां तक कि हर बार सिर्फ गिनती के चार पांच नेता ही प्रत्याशी से मुलाकात कर पाते हैं बाकि नेताओं को किसी प्रकार की जानकारी तक नही दी जा रही है और उन्हे दूर किया जा रहा है।

### निर्वाचित जनप्रतिनिधी भी घरो में बैठे

भाजपा मे इन दिनों निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की कमी नही है,वार्ड पार्षद से लेकर पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि अनेक जनप्रतिनिधी है लेकिन उन्हे संगठन द्वारा किसी प्रकार से कोई जिम्मेदारी नही दी गई है,जिससे कि निर्वाचित जनप्रतिनिधी भी घरो में बैठे हुए हैं। स्थानीय विधायक का दौरा भी कहीं देखने में नही मिल रहा है।

### हाट बाजारो से भी गायब भाजपाई

प्रायः देखने में मिलता था कि चुनाव पूर्व हाट बाजारों में समय लेकर चुनावी सभाएं होती थी पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपाई बाजारो मे जाकर सभाएं लेते थे लेकिन इस बार अचानक इन्होने हाट बाजारो मे सभाएं बंद कर दी है। ज्ञात हो कि साप्ताहिक बाजारो में बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने आते हैं जहां सभा के माध्यम से बडी संख्या में मतदाताओं तक आवाज पहुंच जाती थी लेकिन इस बार इसे ब्रेक कर दिया गया है। गुरूवार को पहली नुक्कड़ सभा बैकुंठपुर में कराकर दिखावा जरूर किया गया है।

### पोस्टर लगाने वाले युवकों को भाजपा कार्यालय से भगाया गया

विश्वस्त सूत्रों ने बतलाया कि भाजपा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार हेतु कुछ युवकों का दल आया हुआ है और वह क्षेत्र में भ्रमण कर पोस्टर चिपकाने का काम कर रहे थे। युवक भाजपा कार्यालय में ही रूके हुए थे लेकिन तीन दिन पूर्व संगठन के पदाधिकारी ने धमकाते हुए कार्यालय से भगा दिया और वहां उनके रूकने पर भी रोक लगा दिया गया है। जिससे कि अब वे दूसरे जगह किराये पर रह रहे हैं। संगठन की यह कार्यप्रणाली अनेक संदेहों को जन्म दे रही है।

### क्या किसी षडयंत्र का शिकार हो रहीं भाजपा प्रत्याशी

भाजपा के जिम्मेदार नेता शांत बैठे हुए हैं और कई नेताओं को जिम्मेदारी ही नही दी गई है,पूरे विधानसभा क्षेत्र में नजर डालने पर प्रतीत होता है कि फिल्ड से भाजपा नेता एकदम गायब हैं,नेताओं के काम ना करने के कारण मोदी और विष्णुदेव सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी नही हो रहा है,घर घर भाजपाई पहुंच भी नही पा रहे है। संगठन की सुस्ती समझ से परे है। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे भाजपा प्रत्याशी कोरिया जिले में किसी षडयंत्र का शिकार हो गई हैं। हलांकि आम जन में पीएम मोदी के प्रति खासा उत्साह है लेकिन उसके बाद भी नेताओं ने चुप्पी साध ली है। कोरिया भाजपा संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिम्मेदार पदाधिकारियो के द्वारा काम ना किया जाना कार्यकर्ताओं मे भी चर्चा का विषय बन चुका है। जिलाध्यक्ष बड़े नेताओं के आमगन व बैठको में सिर्फ बड़ी बड़ी बाते और हवा हवाई दावे करने में मस्त हैं।

### 1 लाख से जीत का दावा क्या घर बैठने से पूरा होगा

कुछ समय पूर्व भाजपा के जिलाध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय में यह दावा किया था कि अविभाजित कोरिया से भाजपा प्रत्याशी को 1 लाख से अधिक की लीड मिलेगी जबकि बैकुंठपुर विधानसभा से 51 हजार की लीड का दावा किया गया है। ऐन चुनाव के वक्त दावा करने वाले जिलाध्यक्ष एवं नेता घर पर बैठ गए हैं, ऐसे में 1 लाख से जीत का दावा खोखला ही साबित होने वाला है। प्रदेश संगठन को चाहिए कि वह कोरिया जिले में पाटीं में दिख रही कमी को दूर करें व इस मामले पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान ले।



## विक्की का छत्तीसगढ़ बास्केटबाल टीम में हुआ चयन

**67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबाल प्रतियोगिता हरियाणा के लिए चयन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है कि सरगुजा जिला से छत्तीसगढ़ बास्केटबाल टीम में बालक वर्ग में विक्की भगत का चयन 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बास्केटबाल प्रतियोगिता हरियाणा के लिए हुआ है ये प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित है। हर बास्केटबॉल खिलाड़ी अपने दम पर की महीनों कड़ी मेहनत करता है। जिससे बाद वह राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता तक पहुंच पाता है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड पर अभ्यास करते आ रहा हैं और यह बहुत ही मेहनती खिलाड़ी भी हैं। विक्की भगत गरीब परिवार से है विक्की भगत सुबह अखबार बाटता है उसके बाद अभ्यास करता है दिन के बाकी समय अपने पिता के साथ फल ठेले पर फल बेचता है उसके बाद फिर शाम को बास्केटबाल अभ्यास करता है। विक्की भगत के मेहनत को सलाम करता हूँ।

## नियमों को दरकिनार कर सहायक ग्रेड-3 को पदोन्नत करने का आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 के पद पर नियम विरूद्ध पदोन्नति का आरोप लगाया है। अधिष्ठाता राजमाता श्रीमति देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर को प्रेषित पत्र में पदोन्नति को निरस्त करने की मांग की गई है।



संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल कुमाार पाण्डेय का आरोप है कि अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 में सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नति की गई है। इनकी नियुक्ति वर्ष 2020 में व्यवसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से चयनित कर की गई है। बताया गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा तृतीय श्रेणी अराजपत्रित, लिपिक वर्गीय व अलिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम 21 सितम्बर 2011 के नियमानुसार सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 में पदोन्नति के लिए सहायक ग्रेड-3 के रूप में पांच वर्ष का अनुभव आवश्यक है। आरोप है कि पदोन्नति के लिए निर्धारित शासन के नियमों को दरकिनार करके पांच वर्ष के अनुभव की जगह तीन वर्ष के अनुभव के आधार पर सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारी राकेश कुमार सिंह, भजनलाल पैकरा, योगेश कुमार सिंह, अजय भाई पटेल की पदोन्नति सेवा भर्ती नियम का पालन नहीं करते हुए सहायक ग्रेड-2 में कर दी गई है। बता दें कि विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों में अधिष्ठाता/प्राचार्य संयुक्त संचालक कम अधीक्षक अध्यक्ष, प्रोफेसर, सहायक अधीक्षक, अनु. जाति/अनु. जनजाति राजपत्रित अधिकारी के एक प्रतिनिधि सदस्य व एक प्रशासनिक अधिकारी सदस्य सचिव होते हैं।

## बाइक से अनियंत्रित होकर गिरे बालक की इलाज के दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

बाइक से अनियंत्रित होकर गिरे 12 वर्षीय बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई, एक घायल का उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक चंदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पकनी, ठूठीझरिया निवासी बसंत पिता इन्दरलाल 12 वर्ष, 25 अप्रैल की रात को लगभग 10 बजे, रिश्ते में भाई सुरेन्द्र के साथ परसपारा निवासी अवध के यहां शादी देखने मोटरसाइकिल से गया था। मोटरसाइकिल बसंत ही चला रहा था। रेवटी पुलिस चैकी क्षेत्र के परसापारा में पुलिया के पास मोड़ में वह अनियंत्रित होकर गिर गया। घायल अवस्था में बसंत और सुरेन्द्र को रेवटी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां से रेफर करने पर दोनों को प्रतापपुर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर स्वजन पहुंचे। बसंत को आई गंभीर चोटों को देखते हुए उसे रेपफर करने पर स्वजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुरेन्द्र का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृत बालक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।



# जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन 27 अप्रैल को

– संवाददाता –
कोरबा,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने 27 अप्रैल शनिवार को शाम 05 बजे जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली में सभी विभाग के प्रतिभागी रहेंगे, इसके लिए हेलमेट अनिवार्य है। इसी प्रकार 28 अप्रैल को साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली बच्चों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, एनसीसी/एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली तथा मतदाता जागरूकता पर संदेश और फ्लैशमॉब कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




28 अप्रैल को साइकिल रैली का आयोजन शाम 05 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकिल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 05:30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 05:35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित होगी। इसके तहत प्रतिभागी मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में शाम 05:40 बजे से कॉलेज/स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं साप्ताहिक गतिविधियों के प्रत्येक विभागों के प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा शाम 05:50 बजे नुक्कड़ नाटक एवं रैली मतदाता जागरूकता का संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया है और शाम 06 बजे टी. पी. नगर स्थित पाम मॉल में फ्लैश मॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस का आयोजन किया जाएगा।

# लू से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

## लू के लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में अवश्य जाने की अपील

– संवाददाता –
बलरामपुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के निर्देशानुसार लू से बचाव एवं प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके अंतर्गत कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने भीषण गर्मी पड़ने पर लू से बचाव हेतु जन-सामान्य को उसके लक्षणों की पहचान एवं उपाय तथा प्रारंभिक उपचार हेतु जागरूक किया है, ताकि उक्त परिस्थिति में ऐसे व्यक्तियों को बचाया जा सके। लू से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने जन सामान्य से अपील की है कि लू के मुख्य लक्षण जैसे सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना लू लगने का प्रमुख कारण है निम्न लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में इसका उपचार अवश्य करायें। इसके साथ ही तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी होता है। लू से बचाव के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए। अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावे, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम, जलवायु सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे।

# शहर के मुख्य मार्ग पर बस के चपेट में आने से एक युवक की मौत



– संवाददाता –
कोरबा,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिले में प्रशासन की ओर से लगातार प्रयासों के बाद भी नहीं थम रहा दुर्घटना का सिलसिला । शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे कोरबा नया बस स्टैंड से जसपुर के लिए निकली हनुमान ट्रेवल्स की बस ने शहर के घंटाघर चौक के पास एक 16 साल के युवक को ले लिया अपने चपेट में ,जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई । बताया जा रहा है के बस का चालक लापरवाही पूर्वक बस को चलाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है । घटना सुबह के लगभग 11.30 बजे उस वक्त हुआ जब युवक अंकित पांडे उम्र 16 साल अटल आवास एम.पी नगर का रहने वाला है, अपने एक्टिवा स्कूटर से घंटाघर चौक के समीप रवि स्वीट्स के पास से जा रहा था तभी ओवरटेक करते वक्त यह हादसा हुई है । वहां मौजूद लोगों ने बताया के बस चालक लापरवाहीपूर्वक तेज गति से बस को चलाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है । घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया । वहीं पूरी घटना की जानकारी मिलने के पर सिविल लाइन रामपुर थाना ने मौके में पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है साथ ही बस के चालक की खोज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी हैं ।

# आबकारी विभाग ने घर में चल रहे अवैध शराब के फैक्ट्री में दबिश देकर दो महिला पर की कार्यवाही

» **22 लीटर शराब व 1400 किलो महुआ लाहन किया जब्त**

– संवाददाता –
कोरबा,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आबकारी विभाग द्वारा कटघोरा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई । घर में शराब बनाने वाली दो महिला को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से बड़ी मात्रा में शराब और महुआ लाहन जप्त किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम लगातार जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग कटघोरा के उपनिरीक्षक आशीष उप्पल को मुखबिर से कटघोरा क्षेत्र के ग्राम गुडरूमुड़ा में दो महिला द्वारा घर में बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाने की जानकारी मिली। जिसके आधार पर वे मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, आरक्षक दशराम सिदार, सुरेश यादव व महिला नगर सैनिक अंबिका सांडे , दीपिका सिंह के साथ गुडरूमुड़ा पहुंचे। जहां सूचना के आधार पर कवली बाई यादव 67 वर्ष और शालिनी यादव 23 वर्ष के घर में छापा मारा गया। जहां पहुंचने पर अंदर का नजारा शराब फैक्ट्री की तरह था। चूल्हे व बर्तन में महुआ शराब तैयार हो रहा था, ड्रमों में महुआ लाहन भरा था। तलाशी लेने पर वहां से 22 लीटर महुआ शराब व 1400 किलो महुआ लाहन बरामद हुआ। मामले में दो महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की कार्यवाही की गई एवं उन्हें न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



# 25 वें सालगिरह पर नेत्रदान का लिया संकल्प

– संवाददाता –
अंबिकापुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोग अपनी शादी सालगिरह बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन दंपति को खूब बधाई मिलती है. पति-पत्नी एक दूसरे को गिफ्ट देते हैं और साथ रहते हुए कई अहम फैसले भी लेते हैं. ऐसे में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर से एक ऐसा वाक्या सामने सामने आया है जिसे जानकर आपको हैरानी होगी। अंबिकापुर में एक दंपति ने अपने वैवाहिक 25 वें वर्षगांठ के मौके पर नेत्रदान करके मिशाल पेश की है.। अंबिकापुर के रहने वाले दंपति श्री भारत भूषण तिवारी और उनकी पत्नी श्रीमती नीना तिवारी ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के मौके पर नेत्रदान करने का निर्णय लिया। जिसके लिए उन्होंने शहर के युवा समाजसेवी आर्यन सिन्हा (आयुष) से संपर्क करके भारत सरकार की अधिकारी वेबसाइट नोटो में जाकर पंजीयन करें। आपको बता दे कि आर्यन छत्तीसगढ़ ऑर्गन डोनेशन लाइट के संस्थापक हैं तथा विगत ढाई वर्षो से लोगों को रक्तदान महादान अंगदान जीवनदान कार्यक्रम के तहत 300 से ज्यादा रक्त जरूरतमंद तक पहुंच चुके हैं और 500 से ज्यादा नेत्रदान हेतु पंजीयन कर चुके हैं। इस दौरान दंपति का पूरा परिवार और संस्था के लोग मौजूद रहे। दंपति की ओर से नेत्रदान करने के फैसले की सभी लोग सराहना कर रहे हैं. इस दौरान श्री तिवारी ने बताया कि हमारी आंखें दूसरों की रोशनी बने इसी उद्देश्य से हम पति-पत्नी ने नेत्रदान करने का निर्णय लिया है. हम सभी लोगों से अपील करते है कि इस रक्तदान महादान अंगदान जीवनदान अभियान में जुड़े. इस मामले में युवा समाजसेवी आर्यन ने कहा कि अभी तक अंबिकापुर विधानसभा से 3 तीन लोगों के द्वारा अपना अंगदान किया गया है। यह सरगुजा संभाग का ऐसा पहला मामला है कि किसी दंपति के द्वारा एकमत होकर एक साथ नेत्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ये काफी सराहनीय पहल माना जा रहा है।



# महुआ शराब जप्त कर 11 लोगों के विरूद्ध की गई आबकारी एक्ट की कार्यवाही




– संवाददाता –
सूरजपुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अवैध कारोबार के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए नशे के कारोबार से जुडे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाए हुए है। इसी तारतम्य में दिनांक 25.04.2024 को जिले की पुलिस के द्वारा 11 प्रकरण में 11 लोगों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर 46 लीटर महुआ शराब जप्त किया है।

दिनांक 25.04.24 को चौकी खड़गवां पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि अनिल बेक पिता सघनू बेक उम्र 30 वर्ष ग्राम जगन्नाथपुर के द्वारा अपने घर दुकान में अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब बनाकर लोगों को बिक्री करने हेतु रखा है। खड़गवां की पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत् कार्यवाही करते हुए अनिल बेक से 15 लीटर महुआ शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर के द्वारा ग्राम कुसमुसी के बालेश्वर पैंकरा से 2 लीटर महुआ शराब, ग्राम पर्री के श्यामवली से 3 लीटर, थाना चंदौरा द्वारा ग्राम असनापारा के शिवभजन से 3 लीटर, थाना झिलमिली द्वारा ग्राम भारत पैंकरा से 4 लीटर, थाना रामानुजनगर द्वारा ग्राम हर्राटिकरा के जयप्रकाश तिर्की से 3 लीटर, थाना जयनगर द्वारा ग्राम द्वारिकानगर के संगीता बरगाह से 3 लीटर, थाना प्रतापपुर द्वारा ग्राम दुरती विजय से 3 लीटर, थाना चांदनी द्वारा ग्राम नावाटोला के चंदावती से 4 लीटर, ग्राम खैरा के देवनारायण से 3 लीटर व ग्राम मोहरसोप के रामकरण से 3 लीटर महुआ शराब कुल 46 लीटर महुआ शराब कीमत 6350 रूपये का जप्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है।

# नागरिकों की भागीदारी एवं प्रशासन के प्रयास से मतदाता जागरूकता गतिविधियों में जिले ने बनाए तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड

» **स्वीप बैलून, अम्ब्रेला रैली और मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं ने की मतदान की अपील**

– संवाददाता –
बलरामपुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से जिले जिले में निरंतर स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। एक ओर जहां फुटबाल प्रतियोगिता,तैराकी प्रतियोगिता, स्वीप बैलून और बाहर गए मतदाताओं को फोन कर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है इसी कड़ी में जिला मुख्यालय में अंब्रेला रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने मानव श्रृंखला और स्वीप बैलून के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अंतर्गत अब तक आयोजित किये गए कार्यक्रमों में से फुटबाल प्रतियोगिता, स्वीप बैलून और अम्ब्रेला रैली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल शर्मा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया।






सभी विकासखण्ड मुख्यालयों के साथ-साथ जिला मुख्यालय में लगभग 01 हजार महिलाओं ने अंब्रेला रैली निकालकर मतदाताओं से लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। यह रैली पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के खेल मैदान में जाकर संपन्न हुई। जहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। महिलाओं ने खेल मैदान में अशोक चक्र की थीम पर मानव श्रृंखला का निमार्ण किया और स्वीप बैलून आकाश में छोड़कर आगामी 07 मई को अवश्य मतदान करने का संदेश दिया। रैली में समुह की महिलाएं अपने हाथों से बुनी हुई आकर्षक तथा रंगीन छतरियों के माध्यम से अपने कला का प्रदर्शन कर रहीं थी, वहीं दूसरी ओर इस विशेष दिन पर महिलाओं के द्वारा अपने घर के कामों को छोड़ मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होकर लोकतंत्र के महापर्व में अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करते हुए इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ना मतदान के प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने कहा कि स्वीप के तहत् जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि आज अम्ब्रेला रैली एवं स्वीप बैलून के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि लोग अधिक से अधिक संख्या में मत देने के लिए मतदान केन्द्रों में आयें। इन कार्यक्रमों में महिलाओं की सराहनीय भागीदारी रही। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जिले के अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के महापर्व में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मतदान करने अवश्य जायें।

गौरतलब है कि विगत दिवस जिले के सभी 468 ग्राम पंचायतों में एक साथ फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 936 टीमों के 10 हजार 716 खिलाड़ि शामिल हुए थे। इसी तरह लगभग 01 हजार महिलाओं के द्वारा स्वीप बैलून एवं अम्ब्रेल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था, जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, जनपद सीईओ रणवीर साय, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं व आम नागरिक उपस्थित रहे।

## सूरजपुर जिले में 56 मतदाताओं को मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा

– संवाददाता –
सूरजपुर,26 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। लोकसभा क्षेत्र सरगुजा के अंतर्गत सूरजपुर जिले में होम वोटिंग का प्रथम चरण 01 मई व द्वितीय चरण 03 मई को निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापना किया गया है। इसके के लिए विधानसभा वार संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर के आवक-जावक शाखा (कक्ष क्र. ए-6/5) के प्रथम कक्ष में मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया है और डाक मतपत्र से मतदान हेतु 04, 05 व 06 मई की तिथि का निर्धारण किया गया है। होम वोटिंग के लिए 56 मतदाता एवं डाक मतपत्र के लिए 567 मतदाता ने आवेदन किया है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया,(छ0ग0)**

ई-कोड क्र0/ब-121/2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण बैकुण्ठपुर राजस्व निरीक्षक बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला - कोरिया छ0ग0 तथा हितबद्ध पक्षकारो को सुचित किया जाता हैं आवेदक अमिताभ गुप्ता पिता -पिष्णु दत्त गुप्ता तहसील बैकुण्ठपुर जिला -कोरिया छ0ग0द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया हैं कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्रप्राप्त करने हेतु आवेदन पत्रका प्रारूप में पुत्र सिद्धार्थ गुप्ता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान करने का आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त संम्बध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।,नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक 24/04/2024

सील
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर,जिला-कोरिया

**Name change**

I Ajay Agrawal S/O,Late Ramu Lal Agrawal Residence Of House No. 45/1 Near SBI Main Branch Sadar Road,Ambikapur surguja chhatishgarh 497001 hereby declare that have changed my name from Ajay Kumar Agrawal S/O,Late Ramu Lal Agrawal Residence Of House No. 45/1 Near SBI Main Branch Sadar Road,Ambikapur surguja chhatishgarh 497001 in all the Government approved Identity proofs to be used for various purposes in the future.

Deponent
Name-: Ajay Kumar Agrawal
Address-: House No. 45/1 Near SBI Main Branch Sadar Road, Ambikapur surguja chhatishgarh ,497001

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला आज

## दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फार्म से जूझ रही मुंबई से,आज होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली।

पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है। ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने




वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिये हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10 . 10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिये हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**मुंबई इंडियंसः-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।


**दिल्ली कैपिटल्सः-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# जीत की लय को कायम रखने के लिए लखनऊ से भिड़ेगी आरसीबी

**नई दिल्ली,26 अप्रैल 2024।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिये टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिये 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिये जूझते दिखे हैं।

चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। लगातार दो जीत के बाद केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है और इस मैच में जीतकर प्लेआफ का उसका दावा मुख्ता हो सकता है। राहुल और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटोन डिकॉक फॉर्म में है जिससे लखनऊ की बल्लेबाजी दमदार लग रही है। मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन हालांकि चिंता का विषय है।




मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद शतक लगाकर इस समस्या का भी हल निकाल दिया लगता है। स्टोइनिस ने 63 गेंद में 124 रन बनाये थे जिसकी मदद से लखनऊ ने छह विकेट से जीत दर्ज की। देवदत्त पड्डिकल , निकोलस पूरन और दीपक हुड्डा को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में लखनऊ खेमा तेज गेंदबाज मयंक यादव के फिट होने की दुआ कर रहा होगा जो पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे हैं।

### टीम इस प्रकार हैं...

**राजस्थान रॉयल्सः-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान ।

# भारतीय पुरूष टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर


**चेंगडू,26 अप्रैल 2024।** भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैम्पियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा ,'' यह वर्ष कठिन होगा।



मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।''

दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आये हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं।लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलोंमें टीम चैम्पियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। उबेर कप में अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेगी। भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिये इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। भारत को ग्रुप ए में कनाडा, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है। टीम में चालिहा के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा हैं।

# दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर दी दस्तक




दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 को बीते साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 2.10 करोड़ रुपये जुटाए थे।अब यारियां 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर दस्तक दे चुकी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।यारियां 2 का निर्देशन राधिका राव ने विनय सप्रू के साथ मिलकर किया है। फिल्म में मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन, प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी जैसे सितारे भी हैं।यारियां 2 साल 2014 में आई फिल्म यारियां की दूसरी किस्त है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 40.14 करोड़ रुपये कमाए थे।यारियां 2 की कहानी 3 भाई-बहन की दोस्ती पर आधारित है, जो अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए साथ आते हैं।यारियां 2 की बात करें तो ये तीन कजिन्स की कहानी है जो अपनी-अपनी लाइफ में किसी ना किसी वजह से परेशान होते हैं और एक-दूसरे की परेशानी दूर करने के लिए तीनों साथ आते हैं. ये ही सब इमोशनल ड्रामा फिल्म में दिखाया गया है.मालूम हो कि 2014 में आई यारियां ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 40 करोड़ का कारोबार किया था, कम बजट में बनने की वजह दिव्या खोसला कुमार की इस फिल्म का पहला भाग हिट साबित हुआ था।

# रोमांटिक लव स्टोरी प्यार के दो नाम का टीजर हुआ रिलीज

बॉलीवुड फिल्म प्यार के दो नाम का टीजर रिलीज हो गया है, यह एक लव स्टोरी होगी जिसे रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत किया गया है. यह फिल्म अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में स्थापित एक प्रेम कहानी है. फिल्म का निर्माण विजय गोयल और डेनिस जावेद द्वारा किया गया है. फिल्म का निर्देशन डेनिस जावेद ने किया है. फिल्म में नए कलाकार भाव्या सचदेवा और अंकिता साहू मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. टीजर में खूबसूरत परिसर और युवाओं की मासूमियत की झलक दिखाई गई है. टीजर दर्शकों को यह अंदाजा लगाने के लिए काफी है कि फिल्म एक भावुक प्रेम कहानी है.फिल्म एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ टैग लाइन पर आधारित हैं । इश्क़ सुभानअल्लाह सूफ़ियाना, प्यार मेरा एवं सन्यासी मेरा नाम जैसे रोमांटिक धारावाहिक एवं फिल्मों के लेखक दानिश जावेद द्वारा निर्देशित फ़िल्म प्यार के दो नाम एक आधुनिक प्रेम कहानी हैं जो युवाओं के बीच में प्यार को लेकर आधुनिक सोच को बहुत ही इमोशनल तरीके से प्रस्तुत करती हैं ।फ़िल्म के टीजर की शुरुआत अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में आयोजित एक पीस सेमिनार से होती हैं इसमें आर्यन खन्ना ( भव्या सचदेवा ) नेल्सन मंडेला और कायरा सिंह (अंकिता साहू) महात्मा गाँधी पर अपनी अपनी रिसर्च प्रस्तुत करते हैं । आर्यन खन्ना कहते हैं मैं उस ब्यूटी को ब्यूटी ही नहीं मानता जो आँखों को अट्रैक्ट ना करे। टीजर के दूसरे संवाद में आर्यन खन्ना रोमांटिक संवाद में कहते हैं मडेला जी यह ट्रॉफी जीतेंगे, और मैं इस लड़की का दिल। इस पर कायरा सिंह बेहद ही सख्त लहजे में कहती हैं कि मैं अजनबियों से बात नहीं करती। दोनों मुख्य कलाकारों की नोक झोंक के बीच में बैकग्राउंड में फ़िल्म का शीर्षक गीत सुनाई देता हैं । टायटल सांग के साथ




1 मिनट 10 सेकंड का यह टीज़र एक फ्रेश लव स्टोरी का एहसास कराता हैं । रिलायंस एंटरटेनमेंट और जोकुलर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की फ़िल्म प्यार के दो नाम में मुख्य भूमिका में भव्या सचदेवा , अंकिता साहू के साथ कनिका गौतम, अचल टंकवाल , दीप्ति मिश्रा , नमिता लाल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएँगे । फ़िल्म के निर्माता विजय गोयल और दानिश जावेद है, और सह निर्माता शहाब इलाहाबादी है। फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद हैं इस अनोखी लव स्टोरी का संगीत अंजन भट्टाचार्य और शब्बीर अहमद ने तैयार किया है और गीतों को दानिश जावेद और वसीम बरेलवी ने लिखा हैं । गीतों को जावेद अली, ऋतु पाठक, राजा हसन और स्वाति शर्मा ने गाया हैं।फ़िल्म के लेखक निर्देशक दानिश जावेद ने कहा कि यह फ़िल्म विश्व के दो महान नेताओ के सिद्धांतों पर आधारित आज की प्रेम कहानी हैं। आर्यन खन्ना और कायरा सिंह की इस प्रेम कहानी के ज़रिए एक दूजे के लिए या एक दूसरे के साथ इस सवाल का जवाब दर्शकों को मिलेगा ।फ़िल्म के निर्माता विजय गोयल ने कहा कि इस फ़िल्म, प्यार के दो नाम महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के प्रेम दर्शन के बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कैंपस में एक अनोखी लव स्टोरी हैं।फ़िल्म की शुरुआत अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैय्यद अहमद ख़ान के सम्मान में विश्व शांति नेता को चुनने के लिए एक सेमिनार की घोषणा के साथ होती हैं। कायरा सिंह और आर्यन खन्ना भी सेमिनार में भाग लेने आए हैं। पहली मुलाकात में दोनों के बीच खट्टी-मीठी लड़ाई शुरू हो जाती है, यहीं से दो विचारधाराओं का टकराव शुरू होता है। जहां कायरा इस बात पर अड़ी है कि अगर प्यार है तो हमें जिंदगी भर साथ रहना होगा, वहीं आर्यन का मानना है कि जब तक प्यार है, हम साथ रहेंगे, प्यार खत्म, साथ खत्म। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्यार के दो नामो में से किस नाम की जीत होती हैं।

# रेखा कभी ऐक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं

दिग्गज बॉलीवुड अदाकारा रेखा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 13 साल की उम्र में की थी। बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने से पहले, उन्होंने दो तेलुगु और एक कन्नड़ फिल्म में अभिनय किया था। हालाँकि, उनके लिए अदाकारा बनना कभी भी कोई विकल्प नहीं था। उन्हें उनकी मां, पुष्पावल्ली, जो एक अभिनेत्री भी थीं, ने स्कूल छोड़ने और परिवार को आर्थिक रूप से समर्थन देने के लिए फिल्में करने के लिए मजबूर किया था। बहरहाल, हिंदी फिल्म उद्योग में उनकी शुरुआत सुखद नहीं रही।



रेखा ने 1986 में बीबीसी न्यूज़ इंडिया के साथ साक्षात्कार के दौरान साझा किया, मैं कभी भी अभिनेता नहीं बनना चाहती थी। कई अभिनेता कहेंगे कि अभिनेता बनना उनका सपना था, लेकिन मेरा नहीं। मुझे तो मार-मार कर बनाया गया। बाद में उन्होंने अभिनेता और टॉक शो होस्ट सिमी ग्रेवाल को बताया कि वह अपने परिवार को आर्थिक रूप से समर्थन देने के लिए अभिनेत्री बनी हैं। वित्तीय रूप से, मुझे कार्यभार संभालना पड़ा। घर पर हालात कठिन थे। पैसों की कमी थी और छह बच्चों की देखभाल करनी थी। मेरी माँ ने बस कहा, तुम्हें यह करना होगा।

जब सिमी ग्रेवाल ने रेखा से पूछा कि क्या उन्होंने यह काम स्वेच्छा से किया है, तो उमराव जान की अभिनेत्री ने कहा, नहीं, कभी नहीं। उस समय, मैं बस यही चाहती थी कि शादी कर लूं, प्यार पाऊं और अपनी बाकी जिंदगी साथ बिताऊं कोई ऐसा व्यक्ति जो वास्तव में मेरी परवाह करता हो और जिसके बहुत सारे बच्चे हों। इसलिए, जब वह हिंदी फिल्म अंजाना सफर के सेट पर पहुंचीं, तो उन्हें खोया हुआ महसूस हुआ। रेखा ने साझा किया, मैं पूरी तरह खो गई थी। मैं घर से दूर थी। मुझे भाषा नहीं आती थी। मैं एक भी इंसान को नहीं जानती थी। मेरी मां मेरे साथ नहीं थीं। वह गंभीर रूप से बीमार थीं, इसलिए उन्होंने मेरी मौसी को भेजा मुझे इसके हर पल से नफरत हो रही थी, मुझे यह बिल्कुल भी पसंद नहीं था।

पत्रकार प्रीतीश नंदी के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, रेखा ने बॉम्बे (अब मुंबई) को जंगल बताया। एक अभिनेत्री के रूप में अपनी किशोरावस्था को याद करते हुए उन्होंने कहा, बॉम्बे एक जंगल की तरह था, और मैं उसमें निहत्थे चली थी। यह मेरे जीवन के सबसे डरावने चरणों में से एक था। मैं इस नई दुनिया के तौर-तरीकों से पूरी तरह अनभिज्ञ थी। लोगों ने मेरी कमज़ोरी का फ़ायदा उठाने की कोशिश की। अभिनेता ने आगे कहा, मुझे लगा कि मुझे स्कूल में अपने दोस्तों के साथ आइसक्रीम खानी चाहिए। मुझे काम करने के लिए क्यों मजबूर किया जाता है? हर दिन मैं रोता था क्योंकि मैं जो पसंद करता था वह नहीं खा पाता था, पूरे पागल कपड़े पहनता था, सेक्विन के साथ और सामान मेरे शरीर में घुस गया, कई बार धोने के बावजूद हेयरस्प्रे नहीं गया, मुझे धक्का दिया गया, सचमुच एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो तक घसीटा गया।÷लेकिन कई सालों के बाद, रेखा ने स्वीकार किया कि वह ठीक हो गई हैं और अब उन्हें हिंदी सिनेमा में अपने शुरुआती वर्षों के बारे में बुरा नहीं लगता।

# श्रुति हासन और शांतनु हजारिका का हुआ ब्रेकअप



श्रुति हासन का निजी जीवन एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया जब एक्ट्रेस और उनके लंबे समय के प्रेमी, डूडल कलाकार और चित्रकार शांतनु हजारिका ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। इस एक्शन से जोड़े के बीच ब्रेकअप की अफवाहें फैल गईं और हमें पता चला कि ये अफवाहें वास्तव में सच हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस और हजारिका लगभग एक महीने से अलग रह रहे हैं। आग में घी डालने वाली बात यह है कि हासन ने अपने इंस्टाग्राम से अपने पूर्व प्रेमी के साथ सभी तस्वीरें हटा दी हैं। उन्होंने हाल ही में एक छोटा सा सोशल मीडिया ब्रेक भी लिया और फिर अपनी वापसी को एक गुप्त पोस्ट के साथ चिह्नित किया जिसमें लिखा था, यह एक पागलपन भरी यात्रा रही है, अपने बारे में और लोगों के बारे में बहुत कुछ सीखना। हमें उन सभी चीजों के लिए कभी खेद नहीं होना चाहिए जो हम हो सकते हैं या होने की जरूरत है।हासन और हजारिका ने सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से बातचीत शुरू की। डूडल कलाकार अभिनेता के डीएम में घुस गया और वे दोनों बात करने लगे। पहले के एक साक्षात्कार में, हासन ने खुलासा किया था कि उन्होंने हजारिका को अपनी एक कविता भेजी थी, जिसके जवाब में उन्होंने उन्हें एक विस्तृत कलाकृति भेजी थी।

# छुटपुट घटनाओं के साथ दूसरे चरण का चुनाव संपन्न

» रात 8 बजे तक 72.51 प्रतिशत मतदान

» कांकेर में ज्यादा तो महासमुंद में सबसे कम

**रायपुर, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हो गया है। तीन विधानसभा सीटों में सबसे ज्यादा वोटिंग कांकेर लोकसभा क्षेत्र में हुई तो सबसे कम महासमुंद सीट पर देखने को मिला। बात तीन लोकसभा सीट की करें तो कांकेर में 73.84 फीसदी, महासमुंद में 71.13 तो राजनांदगांव सीट पर 72.93 प्रतिशत मतदान हुआ।
लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 5 लोकसभा सीटों पर शाम तीन बजे तक वोटिंग खत्म हो चुकी थी। बाकी जगहों पर शाम 6 बजे तक मतदान हुआ, जो मतदाता बूथ परिसर में पहुंच चुके थे, वो वोटिंग किये।

### तीनों लोकसभा सीटों पर विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

**कांकेर लोकसभा सीट**
अंतागढ़- 73.00 प्रतिशत
केशकाल- 75.50 प्रतिशत
कांकेर- 76 प्रतिशत
गुंडारदेही- 71.70 प्रतिशत
डौंडीलोहारा- 74.97 प्रतिशत
भानुप्रतापपुर- 75 प्रतिशत
संजारी बालोद में- 72.56 प्रतिशत
सिहावा में- 74.52 प्रतिशत

**महासमुंद लोकसभा सीट**
कुरूद - 74.40 प्रतिशत
खल्लारी- 66.34 प्रतिशत
धमतरी- 70.16प्रतिशत
बसना- 71.07 प्रतिशत
बिंद्रानवागढ़- 78.84 प्रतिशत
राजिम- 72.02 प्रतिशत
सराईपाली- 70.87 प्रतिशत

**राजनांदगांव लोकसभा सीट**
कवर्धा- 73.25 प्रतिशत
खुज्जी- 77.22 प्रतिशत
खैरागढ़- 75.25 प्रतिशत
डोंगरगढ़- 78.23 प्रतिशत
डोंगरगांव- 73.23 प्रतिशत
पंडरिया- 68.30 प्रतिशत
मोहला-मानपुर-75प्रतिशत

### महासमुंद में शांतिपूर्ण हुआ मतदान

महासमुंद में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक शांतिपूर्ण मतदान हुआ। लोकसभा के कई सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में शाम छह बजे के बाद भी मतदान जारी है। शहरी क्षेत्रों में लगभग मतदान पूर्ण हो चुका है। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीन को सील किया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों के एजेंटों की मौजूदगी में मशीन को सील किया गया। मशीन सीलिंग के बाद स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जाएगा। महासमुंद के पिटियाझर मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। लोकसभा के कुल 2147 पोलिंग बूथों में आज मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक 71.13 फीसदी मतदान हुआ। 2019 के चुनाव में कुल 74.30 प्रतिशत मतदान हुआ था।



## भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी पहुंची मतदान करने



छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीट कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव में आज सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान कर रहे हैं। वहीं प्रत्याशी भी अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं। महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी अपने गृह ग्राम हर्राटार में मतदान की। मतदान करने से पहले रुपकुमारी चौधरी अपने घर में पूजा-अर्चना कर अपनी सास और परिवारजनों का आशीर्वाद लेकर मतदान केंद्र पहुंची।
निर्वाचन आयोग ने सुबह 9 बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी कर दिया है। इसमें छत्तीसगढ़ में 15.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। आंकड़ों के अनुसार महासमुंद में 14.33 और राजनांदगांव में 14.59 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## पूर्व सीएम भूपेश ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया धक्का-मुक्की का आरोप



### पोलिंग बूथ में जाने से रोका, भूपेश ने कहा हमारी हो रही शत प्रतिशत जीत

चुनाव के बीच पूर्व सीएम और राजनादगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल से भाजपा कार्यकर्ताओं ने धक्का-मुक्की की है। यह आरोप खुद भूपेश बघेल ने लगाया है। उन्होंने कहा कि टेडसरा मतदान केंद्र जा रहे थे। इस दौरान उन्हें पोलिंग बूथ जाने से रोका गया और धक्का मुक्की की गई। इसके साथ ही भूपेश बघेल के खिलाफ नारे भी लगाए गए।

### टेडेसरा बूथ पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़े

राजनांदगांव के टेडेसरा बूथ पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान भूपेश बघेल भी सूचना मिलने पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि उनसे भी धक्का-मुक्की की गई है। भाजपा की महिला कार्यकर्ता ने कांग्रेस समर्थक सरपंच-उपसरपंच के बेटे और समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

## 105 साल की दादी में दिखा वोटिंग का जुनून



महासमुंद लोकसभा के बसना विधानसभा के पोलिंग बूथ ग्राम जम्हर के मतदाता सुरजाबाई निर्मलकर उम्र 105 वर्ष ने लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया।वहीं मतदान के दूसरे चरण में मतदान को लेकर लोगों का बढ़ता रुझान देखा जा रहा है। वोटरों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं इस बीच एक बुजुर्ग महिला ने भी बड़े उत्साह के साथ वोट देने आई, जो दूसरों के लिए प्रेरणा बनी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीट पर आज वोट डाले जा रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ की तीन सीटें महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव भी शामिल है। सुबह से ही छत्तीसगढ़ के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ लगी हुई है। जानकारी मुताबिक इन लोकसभा सीटों में 1 बजे तक 53 प्रतिशत से अधिक वोट डाले गए हैं।

## कहीं हल्दी तो कहीं मेहंदी वाले हाथों में लगी लोकतंत्र की स्याही

### इधर दूल्हे ने बारातियों से रखी अनोखी शर्त

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की तीन लोकसभा सीट कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से मतदान जारी था। चुनाव को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा । तीनों लोकसभा क्षेत्रों में 1 बजे तक 53.09 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकतंत्र के इस पर्व में लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए।. लोकसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में नव विवाहित जोड़े, शादी के बीच हल्दी लगाए दूल्हा तो कहीं दुल्हन मतदान केंद्रों में मतदान करने पहुंचे। वहीं महासमुंद में एक युवक ने अपने बारात में जाने वाले बारातियों के लिए अनोखी शर्त रखी है. बरातियों से कहा गया है 'जो करेगा मतदान वही बारात जाएगा'।

**पहले मतदान फिर निकलेगी बारात**
महासमुंद जिले के दुल्हा ने ठाना है कि पहले ईव्हीएम शीन का बटन दबाना फिर दुल्हन को लाना है। साथ ही बरातियों के लिए भी शर्त रखी गई है। मतदान कर चुके मतदाता परिजन ही दूल्हा के बाराती बनेंगे।

### नव विवाहित जोड़े ने डाला वोट

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ओड़ियाकला मतदान केंद्र में नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन ने मतदान किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में लगे सेल्फी पॉइंट में रामेश्वर मरकाम ने अपनी दुल्हन के साथ सेल्फी भी ली।



### दूल्हे ने किया मतदान

महासमुंद लोक सभा के बसना विधान सभा क्षेत्र के पिथौरा ब्लॉक के बलदीडिह में शादी के मंडप से निकलकर दूल्हे के मतदान किया।

### शादी से पहले मताधिकार को प्राथमिकता देते हुए दो बहनों ने डाला वोट

कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर के अंदरूनी ग्राम चवेला में मताधिकार के महत्व को दो बहनों ने समझकर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची। दोनों बहनें कु. हेमलता यादव और कु. युगलकिशोरी ने हल्दी लगी हुई साड़ी पहनकर वोट डालने पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि पहले वोट करेंगे, उसके बाद शादी की रस्में निभाएंगे।

### दुल्हन ने बरात आने से पहले किया मतदान

बालोद जिले के ग्राम महामाया में दुल्हन ने बरात आने से पहले मतदान किया. दुल्हन का नाम सुलक्षणा सहारे, पिता बलिहार सहारे है।

**मतदान केंद्र कामता में नव**

### विवाहित जोड़े ने किया मतदान

बालोद जिलेके डौंडीलोहारा विकासखण्ड के मतदान केंद्र कामता में नेमेश ठाकुर ने अपनी नव विवाहिता पत्नी खुशबू ठाकुर के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मतदान किया. नेमेश और उनकी धर्मपत्नी ने मतदान कर लोगों से भी मतदान करने की अपील की।

### नवविवाहिता रंजना नायक ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

जिले के डौंडी विकासखण्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 220 खैरवाही में नवविवाहिता रंजना नायक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नवविवाहिता मतदाता के मतदान केंद्र में पहुंचने पर मतदान केंद्र के अधिकारी-कर्मचारियों के उसका गुलाब का फूल भेंटकर उनका स्वागत किया।

### बाजे-गाजे के साथ मतदान केंद्र पहुंचा दूल्हा

कांकेर में एक दूल्हा बारात जाने से पहले पूरे बाजे-गाजे के साथ मतदान केंद्र पहुंचा। मतदान केंद्र पहुंचते ही दूल्हे ने पहले तो अपना मतदान किया फिर बारात लेकर रवाना हुआ।

## महिला की जगह किसी और ने किया मतदान,फर्जी वोटिंग का खुलासा



जिले के दल्लीराजहरा के बूथ क्रमांक 201 से फर्जी मतदान का मामला सामने आया है। गुरुनानक स्कूल में मतदान करने पहुंची गाडरपुल की रहने वाली मधु लालवानी पति गोवर्धनदास तो उनको पता चला कि उनका वोट किसी ने दे दिया। इसके बाद काफी हंगामा हुआ। हंगामे के बाद महिला को पीठासीन अधिकारी ने निविदक मत पत्र से मतदान कराया तब जाकर मामला शांत हुआ। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि अधिकारी क्रमांक एक से पहचान में कुछ गलती हुई है। दूसरे का वोट दूसरे द्वारा डाला गया है। नियमानुसार हमने निविदक मत पत्र से मतदान करा दिया है।

## मतदान बहिष्कार वाले गांवों में लोगों को मनाने के लिए अधिकारियों ने बहाया पसीना,



छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की तीन लोकसभा सीट कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव में मतदान जारी रहा। इस बीच महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के उदंती अभ्यारण्य के कई गांवों में पूर्व की घोषणा के मुताबिक मतदान बहिष्कार का असर देखा गया। इसकी सूचना के बाद आला अफसर गांव में पहुंचे। यहां बम्हनीझोला मंडी में ग्रामीणों के साथ अधिकारियों ने चौपाल लगाकर चर्चा की।

# राजधानी की सड़कों पर जल्द चलेगी ई-बस,केंद से मिलेगी 100 ई-बसे



**रायपुर, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** राजधानी की सड़कों पर नए साल से इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। रायपुर वासियों के लिए भाठागांव के न्यू बस स्टैंड से जल्द ही 21 इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की जाएगी। केंद्र से कुल 100 बसें मिलेंगी।
रायपुर वासियों के लिए भाठागांव के न्यू बस स्टैंड से जल्द ही 21 इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की जाएगी। केंद्र से कुल 100 बसें मिलेंगी। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन खुद निगम करेगा। इससे प्रदूषण कम होगा और निगम को एक बस से हर महीने 50 हजार रुपए की बचत हो सकती है।
इसके लिए अलग से दो नए सिटी बस डिपो पंडरी और आमानाका में बनाया जाएगा। यह दोनों जगह सिटी बसों के लिए सेंटर पॉइंट की तरह काम करेंगी। रायपुर को 100 नई बसें मिलने और 2 नए सिटी बस डिपो बनने से लोग अलग-अलग जगहों के लिए आसानी से बसें पकड़ सकेंगे। बाहर से आने वाले लोगों को भी रायपुर शहर में एक जगह से दूसरे जगह जाने में आसानी होगी। ये सभी बसें केंद्र सरकार की ओर से रायपुर सिटी को मिल रही हैं।
इन 2 सिटी बस डिपो के अलावा मठपारा स्थित आईएसबीटी में भी करीब एक एकड़ जमीन खाली है। जिसमें सिटी बसों के लिए बाकी बसों से अलग स्टैंड बनाया जाएगा। इसमें चार्जिंग पॉइंट भी बनाए जाएंगे। इन जगहों पर पुरानी बसों को भी खड़ा किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा रिजल्ट से पहले होगी पेरेंटस टीचर मीटिंग

**रायपुर, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** 10वीं-12वीं के रिजल्ट के पहले बच्चों व अभिभावकों के तनाव को दूर करने शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल की है। शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सभी कलेक्टर, डीईओ, बीईओ-बीआरसी और सीआरसीसी को निर्देशि दिया है कि परीक्षा परिणाम को लेकर तनावग्रस्त होने वाले बच्चों और अभिभावकों की काऊंसिलिंग की जाये, ताकि किसी भी अप्रिय निर्णय को वो ना लें। शिक्षा विभाग ने इसके लिए पीटीएम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत पालकों और बच्चों को जागरूक कर, ये बताया जायेगा, कि भले ही परिणाम उनके अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया हो, लेकिन वो इस परिणाम को सीख के तौर पर लेकर आगे जिंदगी में और बेहतर कर सकते हैं।




शिक्षा सचिव ने इसके लिए अलग-अलग वर्ग के लोगों को स्वेच्छा से शामिल करने का भी निर्देश दिया है, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। दरअसल हर साल बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद कई तरह के गलत निर्णय छात्र-छात्राएं ले लेते हैं, लिहाजा इस बार परिणाम जारी होने के पूर्व ही शिक्षा विभाग ने ऐसी घटनाओं को रोकने की पहल की है।

## जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**गरियाबंद, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** दूसरे चरण के मतदान के बीच गरियाबंद से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां नक्सल प्रभावित इलाके में चुनाव ड्यूटी में लगे एक जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान ने अपने सर पर गोली मरी है।यहां के पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कूड़ेरादादर की यह घटना है। जहां मतदान कर्मी और जवान स्कूल में रुके हुए थे। इन्हीं में शामिल 34 वीं बटालियन की ए कंपनी में पदस्थ मध्यप्रदेश के राजपुर निवासी जियालाल पंवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान आराम कर रहा था, इसी बीच उसने मौका पाकर अपने ही सर्विस राइफल से सर पर गोली मार ली। साथियों द्वारा अस्पताल ले जाने से पहले ही मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



घटना के बाद पुलिस और बल के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी, वहीं पंचनामे के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले की सीबीआई जांच की अधिसूचना जारी

**रायपुर, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता की जांच के लिए केन्द्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि पीएससी परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता को लेकर राज्य के युवाओं में बेहद आक्रोश था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के युवाओं के आक्रोश को देखते हुए इस मामले की जांच कराने और दोषी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गारंटी दी थी।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है।




## निरंजन दास की नहीं होगी गिरफ्तारी

**रायपुर, 26 अप्रैल 2024 (ए)।** प्रदेश के कथित आबकारी घोटाले मामले में गिरफ्तार रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के नो कर्सिव एक्शन के आदेश को बरकरार रखा है। वहीं पूर्व सचिव निरंजन दास और विधु गुप्ता की याचिकाओं पर एसीबी की ओर से आश्वस्त किया गया है कि अगली सुनवाई के पहले उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इस पर अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कारोबारी अनवर ढेबर के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर हाईकोर्ट ने एसीबी से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। इन सभी ने एसीबी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थी, जिन पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में गुरुवार को सुनवाई हुई।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)